बुधवार, 27 मई 2026
**मौसम**
तापमान 26 – 34
आर्द्रता 72%
सूर्योदयः 04:52 सूर्यास्तः 18:14

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


गाय को 'राष्ट्रीय पशु' का दर्जा देने के लिए नये कानून की आवश्यकता है: विधि विशेषज्ञ पृष्ठ 7

स्थानीय खाबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : ईश्वर की बनायी हर चीज खूबसूरत होती है लेकिन हम उसे देख नहीं पाते।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# शुभेंदु सरकार की सख्ती के बाद बांग्लादेश बॉर्डर पर जुटे घुसपैठिए



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में संदिग्ध अवैध घुसपैठियों के लिए जिला स्तर पर निरुद्ध केंद्र शुरू किए जाने के फैसले के बाद कथित बांग्लादेशी घुसपैठियों के समूह अपने देश लौटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उत्तर 24 परगना जिले के हाकिमपुर चौकी पर एकत्रित होते दिख रहे हैं। यह स्थिति मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा राज्य में 'पहचान करने या पता लगाने, रिकॉर्ड या दस्तावेज से नाम हटाने, देश से बाहर भेजने या निर्वासित करने' की नीति को सख्ती से लागू करने की घोषणा किये जाने के बाद सामने आयी है। हाकिमपुर सीमा चौकी पर मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग सामान, बिस्तर और प्लास्टिक शीट लेकर बैठे दिखाई दिए। इसमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल थे जो बांग्लादेश जाने की अनुमति का इंतजार करते नजर आए। उत्तर 24 परगना के बसीरहाट उपमंडल स्थित हाकिमपुर में पिछले दो दिनों में 100 से अधिक कथित बांग्लादेशी प्रवासी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जांच चौकी के पास अपने सामान के साथ एकत्रित हुए हैं। इनमें से कई लोग दमदम, न्यू टाउन और डानकुनी जैसे क्षेत्रों में कथित तौर पर वर्षों से मजदूरी और घरेलू काम करते हुए रह रहे थे। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस तरह की वापसी पिछले साल नवंबर में शुरू हुई थी। इस साल की शुरुआत में इनकी संख्या कम हो गई थी, लेकिन पिछले दो दिनों में इसमें काफी वृद्धि हुई है। हम आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं और बांग्लादेश में अपने समकक्षों के संपर्क में हैं। बीएसएफ कर्मियों ने बताया कि कई लोग स्वयं ही अधिकारियों के पास आकर वापसी की प्रक्रिया के लिए मांग कर रहे हैं।

## हकीमपुर बॉर्डर पर जमा अवैध बांग्लादेशियों को जल्द निर्वासित करें : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट उपमंडल में हकीमपुर सीमा चौकी पर बड़ी संख्या में कथित अवैध बांग्लादेशी नागरिक जमा हो गए हैं और उन्होंने अधिकारियों से इन सभी के निर्वासन में तेजी लाने का आग्रह किया। कल्याणी में नदिया, हुगली और उत्तर 24 परगना जिलों के अधिकारियों की उपस्थिति में हुई एक प्रशासनिक बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, अधिकारी ने दावा किया कि सीमा चौकी पर एकत्रित लोग बांग्लादेश लौटने के इच्छुक हैं। विदेशी अधिनियम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें पहले से ही प्रावधान मौजूद हैं और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह एक मौजूदा विदेशी अधिनियम है, कोई नया नहीं। और इन लोगों को यहां से जाना ही होगा। बांग्लादेशियों को वापस लेना उनकी ज़िम्मेदारी है। मुझे याद है कि उनके (बांग्लादेशी) प्रवक्ता ने कहा था कि वे अपने नागरिकों को वापस ले लेंगे। मैंने इसे सोशल मीडिया और यूट्यूब पर देखा है। हमने पुलिस को पहले ही कह दिया है कि उन्हें जेल न भेजें। उनके खाने-पीने और दवाइयों पर खर्च करने का कोई मतलब नहीं है। क्या वे हमारे दामाद हैं? अधिकारी ने सीमा चौकी पर जमा भीड़ का जिक्र करते हुए कहा कि जल्दी जल्दी भागो नहीं तो जो करना है सरकार करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वहां मौजूद लोगों को जल्द से जल्द उनके देश वापस भेजा जाए। उन्होंने कहा कि हम उन्हें जेलों में खाना खिलाना या उन पर जनता का पैसा बर्बाद करना नहीं चाहते। इससे वास्तव में भारतीयों को, विशेषकर पश्चिम बंगाल में, नुकसान हो रहा है। कानून तो था, लेकिन कुछ लोगों ने वोट बैंक के लिए इसका इस्तेमाल किया। हम वोट बैंक से ऊपर उठकर देश और राज्य के हित में इसे लागू करेंगे।

## 'दुर्लभतम मामला नहीं': दिल्ली की अदालत ने बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को मौत की सजा देने से इनकार किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने चार साल की बच्ची के साथ बलात्कार के दोषी व्यक्ति को मौत की सजा देने से इनकार कर दिया और कहा कि यह घटना ''दुर्लभतम'' श्रेणी में नहीं आती। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने यह टिप्पणी दोषी सनी कुमार की सजा की अवधि तय करने संबंधी दलीलों को सुनते समय की और 22 वर्षीय दोषी को मृत्युपर्यंत यानी उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक कारावास की सजा सुनाई। अदालत के आदेश में कहा गया, ''इस अदालत का यह मत नहीं है कि वर्तमान मामला 'दुर्लभतम से भी दुर्लभ' मामलों की श्रेणी में आता है। दोषी की कम उम्र को देखते हुए और उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है इसलिए इस मामले में मृत्युदंड उचित नहीं है।''

# घुसपैठ और जनसंख्या बदलाव पर केंद्र सख्त, उच्च स्तरीय समिति गठित



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र ने ''अवैध आप्रवासन और अन्य असामान्य कारणों'' से देशभर में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का व्यापक आकलन करने के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से ''असामान्य'' जनसांख्यिकी परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, इस चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'जनसांख्यिकी परिवर्तन पर उच्च स्तरीय समिति' की घोषणा की थी। मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है कि सरकार ने इस कमेटी का गठन कर लिया है। उन्होंने कहा कि समिति की अध्यक्षता न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) करेंगे और कमेटी में जनगणना आयुक्त के साथ दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी) सदस्य होंगे। साथ ही, डॉ. शमिका रवि भी सदस्य होंगी। उन्होंने कहा कि संयुक्त सचिव (विदेशी-1), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे। गृह मंत्री ने कहा कि जनसांख्यिकी परिवर्तन ''हमारी संप्रभुता के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक संरचना में गंभीर बदलाव और जनजातीय समाज के संरक्षण से जुड़ी एक गंभीर समस्या है।'' उन्होंने कहा, यह कमेटी, अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकी परिवर्तन का व्यापक मूल्यांकन करेगी और धार्मिक एवं सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों की पद्धति का विश्लेषण करेगी तथा इसका सुनियोजित और समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करेगी।

## केंद्र सरकार छह महीने में ड्रोन रोधी प्रणाली लगाने की शुरुआत करेगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ड्रोन से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए कठोर उपाय किए जाने की जरूरत बताते हुए मंगलवार को कहा कि भारत सरकार सीमा पर ड्रोन-रोधी प्रणाली लगाने की शुरुआत अगले छह महीने में करेगी। शाह ने इस समस्या और चुनौती के प्रभावी समाधान के लिए स्थानीय नागरिकों, प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र बलों, स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को शामिल करते हुए बहु-स्तरीय चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड बनाना जरूरी है, ताकि सीमा की संपूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शाह राजस्थान के बीकानेर जिले में सांचू सीमा चौकी पर बीएसएफ के जवानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ड्रोन से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए कठोर उपाय करना हमारी जिम्मेदारी है। भारत सरकार अगले छह महीने में सीमा पर ड्रोन-रोधी प्रणाली लगाने का काम शुरू करेगी। शाह ने कहा, लेकिन ड्रोन उतरता तो भारतीय भूमि पर है। ऐसे में उससे भेजी गई खेप कौन हासिल करता है? कौन इस खेप का इस्तेमाल देश-विरोधी कार्यों के लिए करता है? इन चीजों का पता लगाने और खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन में करीबी समन्वय होना बेहद जरूरी है।

## व्यापक सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चतुर्भुज सुरक्षा तंत्र आवश्यक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सेना, सीमा क्षेत्र के नागरिक और स्थानीय प्रशासन से मिलकर बना एक 'चतुर्भुज सुरक्षा तंत्र' व्यापक सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। शाह ने कहा कि सीमा सुरक्षा का यह 'चतुर्भुज सुरक्षा तंत्र' यह दर्शाता है कि सीमा सुरक्षा कोई अलग-थलग जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक क्षेत्रीय दायित्व है। राजस्थान के बीकानेर जिले के सांचू स्थित बीएसएफ चौकी पर जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि जब तक सभी चार हितधारक समन्वय में काम नहीं करेंगे, तब तक सुरक्षित सीमा की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, ''जब तक हम यह चतुर्भुज ढांचा नहीं बनाएंगे, तब तक पूरी तरह सुरक्षित सीमा की कल्पना नहीं की जा सकती।'' गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को सीमा पार से आने वाले खतरों के साथ-साथ उन आंतरिक खतरों के प्रति भी सतर्क रहना चाहिए, जिन्हें सीमा पार की ताकतों के इशारे पर देश के भीतर सक्रिय तत्व पैदा करते हैं।

# बंगाल सरकार अन्नपूर्णा योजना के लिए आज से फॉर्म जारी करेगी : शुभेंदु अधिकारी

**■ मुख्यमंत्री ने तीन जिलों के विकास कार्यों की समीक्षा बैंठक की, तृणमूल सांसद और विधायक हुए शामिल**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार 27 मई से अन्नपूर्णा योजना के लिए फॉर्म जारी करना शुरू करेगी जिसके तहत महिलाओं को प्रति माह 3,000 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा लक्ष्मी भंडार योजना तब तक जारी रहेगी जब तक कि नयी योजना पूरी तरह से लागू नहीं हो जाती। कल्याणी में आयोजित प्रशासनिक समीक्षा बैठक (जिसमें नदिया, हुगली और उत्तर 24 परगना जिलों के अधिकारी उपस्थित थे) के बाद अधिकारी ने कहा कि यह प्रक्रिया बुधवार से औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम स्वास्थ्य साथी योजना को आयुष्मान भारत में परिवर्तित होने तक जारी रख रहे हैं, उसी प्रकार अन्नपूर्णा योजना के पूरी तरह लागू होने तक लक्ष्मी भंडार योजना जारी रहेगी। आज से अन्नपूर्णा योजना की प्रक्रिया शुरू हो रही है। अधिकारी ने कहा कि योजना के फॉर्म नवान्न से जारी किए जाएंगे और ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं मंत्री अग्निमित्रा पॉल के साथ आज मुख्य सचिव और गृह सचिव की उपस्थिति में नवान्न से 'अन्नपूर्णा योजना' का फॉर्म जारी करूंगा। विस्तृत दिशानिर्देश भी जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन और सत्यापन के तुरंत बाद लाभार्थियों को भुगतान मिलना शुरू हो जाएगा। अधिकारी ने कहा कि जैसे ही फॉर्म भरे जाएंगे, लाभार्थियों के खातों में 3,000 रुपये जमा होने शुरू हो जाएंगे। लोग जितनी जल्दी पंजीकरण पूरा करेंगे, उतनी ही जल्दी उन्हें लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक और जिलाधिकारी महिलाओं को आवेदन प्रक्रिया पूरी करने में सहायता करेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को पूरी तरह से उनके हाल पर नहीं छोड़ा जाएगा। विधायक लाभार्थियों को फॉर्म भरने में मदद करेंगे, जबकि प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के नेतृत्व में टीमें घर-घर जाकर आवेदकों की सहायता करेंगी। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस योजना के लिए केवल भारतीय नागरिक ही पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि ध्यान रखें कि यह अवसर केवल भारतीयों को ही मिलेगा। भारत का पैसा बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों के लिए नहीं है। यह बात अब बिल्कुल स्पष्ट हो चुकी है।

# चीन-पाक के जम्मू-कश्मीर बयान को भारत ने खारिज किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने चीन और पाकिस्तान की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर से संबंधित अनुचित संदर्भों को मंगलवार को पुरजोर तरीके से खारिज कर दिया। भारत ने दोहराया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत के अभिन्न व अविभाज्य हिस्से रहे हैं, अभी भी हैं और हमेशा रहेंगे, और किसी भी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत का रुख अडिग और स्पष्ट रहा है। उन्होंने कहा, चीन-पाकिस्तान संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर पर की गई अनुचित टिप्पणियों को भारत पूरी तरह खारिज करता है। यह संयुक्त बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हालिया चीन यात्रा के दौरान जारी किया गया था। प्रवक्ता ने कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न व अविभाज्य हिस्से हैं और हमेशा रहेंगे। किसी भी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। भारत ने इस बयान में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का उल्लेख किए जाने की भी आलोचना की और कहा कि पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्रों को वैध बनाने के किसी भी प्रयास का भारत विरोध करता है।

# भारत सिंधु जल संधि का सम्मान करे : पाकिस्तान का अनुरोध

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने मंगलवार को भारत से सिंधु जल संधि (आईडब्लयूटी) का सम्मान करने का आग्रह किया और कहा कि संधि को स्थगित करने का कोई भी प्रयास निचले इलाकों में स्थित देशों के लिए एक खतरनाक मिसाल कायम करेगा। ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में आयोजित एक उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण समन्वय मंत्री डॉ. मुसादिक मलिक ने भारत पर साझा जल संसाधनों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सीमा पार नदियों को प्रभावित करने वाली एकतरफा कार्रवाई जल सुरक्षा, खाद्य उत्पादन और जलवायु परिवर्तन से निपटने से संबंधित गंभीर वैश्विक चुनौतियां पैदा कर सकती हैं। मंत्री ने भारत से सिंधु जल संधि का सम्मान करने और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता तंत्रों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संधि को स्थगित करने का कोई भी प्रयास दुनिया भर के निचले इलाकों में स्थित देशों के लिए एक खतरनाक मिसाल कायम करेगा। पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक कदम उठाए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करना भी शामिल था। पाकिस्तान ने भारत द्वारा संधि को निलंबित किये जाने को खारिज कर दिया और कहा कि समझौते के तहत 'पाकिस्तान से संबंधित' पानी के प्रवाह को रोकने के लिए उठाए गए किसी भी कदम को 'युद्ध का कृत्य' माना जाएगा। विश्व बैंक की मध्यस्थता से संपन्न सिंधु जल संधि, 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के जल के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करती आ रही है। अपने संबोधन में मलिक ने पाकिस्तान की बढ़ती जलवायु चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि वैश्विक तापमान वृद्धि से सबसे बुरी तरह प्रभावित देशों में पाकिस्तान भी शामिल है।

# पिछली सरकार ने सीमा सुरक्षा में महिलाओं की भूमिका पर ध्यान नहीं दिया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों में महिलाओं की समान भागीदारी और अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीकानेर में सीमा चौकी पर बीएसएफ कर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पिछली सरकारों ने सीमा सुरक्षा में महिलाओं की भूमिका और उनके लिए आवश्यक सुविधाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने के मामले में महिला कर्मी पुरुषों से दो कदम आगे बढ़ चुकी हैं और 2030 तक सीमा क्षेत्रों में तैनात महिलाओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। शाह ने बताया कि राजस्थान में महिला कर्मियों के लिए 79 बैरक स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 67 का निर्माण लगभग 39 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हो चुका है। गृह मंत्री ने सोमवार को 14 बैरक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा संरक्षित सीमावर्ती क्षेत्रों में महिलाओं की तैनाती की स्थिति सुधारने के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से 356 बैरक बनाए जाएंगे।

## ईरान के परमाणु अवशेष नष्ट करने पर ट्रंप का बड़ा बयान

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के संवर्धित यूरेनियम को अमेरिका में लाकर नष्ट किया जा सकता है, लेकिन उनकी प्राथमिकता इसे अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में ईरान में ही या किसी अन्य सहमत स्थान पर नष्ट करने की है। यह बयान उनके पहले के रुख से अलग है, जिसमें वह लगातार कहते रहे थे कि किसी भी परमाणु समझौते की शर्त के तौर पर ईरान को अपना संवर्धित यूरेनियम अमेरिका को सौंपना होगा।ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि संवर्धित यूरेनियम को या तो तुरंत अमेरिका भेजकर नष्ट किया जा सकता है या फिर ईरान के साथ समन्वय में अंतरराष्ट्रीय परमाणु एजेंसी की उपस्थिति में उसी स्थान पर अथवा किसी अन्य स्वीकार्य स्थान पर समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने को लेकर चल रही वार्ता बेहतर दिशा में आगे बढ़ रही है और सभी पक्षों को शांति प्रक्रिया का समर्थन करना चाहिए।उन्होंने अब्राहम समझौते का भी उल्लेख करते हुए कहा कि वार्ता में शामिल देशों को इस समझौते पर हस्ताक्षर करने चाहिए।

# ऑस्ट्रेलिया, जापान के विदेश मंत्रियों से मिले प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ दोनों देशों के बीच 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया एक स्वतंत्र, मुक्त, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करना जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी से भी मुलाकात की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा उसके बाहर शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में 'भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इससे पहले दिन में भारत ने यहां 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की, जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की। इस बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और जापानी विदेश मंत्री मोटेगी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग का स्वागत करके खुशी हुई। हमने रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति शृंखला को मजबूत बनाने जैसे क्षेत्रों में बढ़ते भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक संबंधों पर चर्चा की। भारत और ऑस्ट्रेलिया एक स्वतंत्र, मुक्त, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करना जारी रखेंगे। एक अन्य पोस्ट में मोदी ने कहा, जापान के विदेश मंत्री श्री तोशिमित्सु मोटेगी का स्वागत करके अत्यंत प्रसन्नता हुई। हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे शांति, स्थिरता और समृद्धि को आगे बढ़ाने में भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इस समूह (क्वाड) को एक नयी गति देने के उद्देश्य से क्वाड ने मंगलवार को आपूर्ति शृंखला में आने वाली बाधाओं को कम करने के लिए ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिज ढांचे की घोषणा की। इसके साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री निगरानी और बंदरगाह बुनियादी ढांचे को अद्यतन करने के लिए बड़े उपायों की शुरुआत की।

# चीन की चिंताओं के बीच भारत व अमेरिका ने महत्वपूर्ण खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए



**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका ने मंगलवार को महत्वपूर्ण खनिजों की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सहयोग को लेकर एक प्रमुख रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। भारत-अमेरिका के बीच यह कदम वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति शृंखलाओं के लिए महत्वपूर्ण दुर्लभ पृथ्वी तत्वों और रणनीतिक धातुओं पर चीन के निर्यात नियंत्रणों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आया है। नयी दिल्ली में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान महत्वपूर्ण खनिजों के खनन और प्रसंस्करण की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो की उपस्थिति में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, यह सही समय पर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, इस रूपरेखा का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ खनिज आपूर्ति शृंखला के पूरे क्षेत्र में हमारे सहयोग को और गहरा करना है, जिसमें खनन, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और संबंधित निवेश शामिल हैं।'' महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज सहित उच्च स्तरीय प्रौद्योगिकी उत्पादों के लिए आवश्यक माने जाते हैं। चीन वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति शृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी रहा है। भारत अपनी आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए दुर्लभ खनिजों की निरंतर आपूर्ति पर निर्भर है। वैश्विक स्तर पर दुर्लभ खनिजों के खनन में चीन की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है, जो इसे इन महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक आपूर्ति शृंखला में उसके महत्व को रेखांकित करता है। विदेश मंत्री ने कहा कि यह रूपरेखा लचीली और विविध आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करेगी, परियोजनाओं के वित्तपोषण में मदद करेगी और साथ ही महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ खनिजों के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा, ''यह इस बात का एक और प्रमाण है कि चुनौतियों और अवसरों से भरी दुनिया में हमारा सहयोग कितना घनिष्ठ रहा है।''

## बेंगलुरु हवाई अड्डे पर इंडिगो के विमान में धुआं, सुरक्षित बाहर निकलते वक्त दो यात्री जख्मी

**नयी दिल्ली :** बेंगलुरु हवाई अड्डे पर मंगलवार शाम इंडिगो के एक विमान के केबिन और कॉकपिट में धुआं दिखाई देने से अफरा-तफरी मच गई। विमान में सवार 230 से अधिक यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान दो यात्रियों को मामूली चोटें आईं। घटना की जांच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुरू कर दी है और विमान को फिलहाल उड़ान भरने से रोक दिया गया है।इंडिगो की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बेंगलुरु से चेन्नई जाने वाली उड़ान 6ई-6017 मंगलवार शाम उड़ान भरने के लिए रनवे की ओर बढ़ रही थी, तभी विमान में धुआं दिखाई दिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को तत्काल आपातकालीन स्लाइड के जरिए बाहर निकाला गया। एयरलाइन ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं तथा उन्हें टर्मिनल तक पहुंचाकर आवश्यक सहायता दी गई।सूत्रों के अनुसार, एयरबस ए321 विमान में 230 से अधिक लोग सवार थे। डीजीसीए ने बताया कि विमान को 'पुशबैक' के बाद रनवे की ओर बढ़ते समय कॉकपिट और केबिन में धुआं नजर आया। घटना के बाद विमान को जांच और मरम्मत के लिए ग्राउंड कर दिया गया है। एयरलाइन ने यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की है।

## गुरिंदरवीर की रिकॉर्ड दौड़ ने बढ़ाया राष्ट्रीय गौरव

एक प्रेरक कहावत है कि सुबह जिसकी हुई, सचमुच वो सारी रात नहीं सोया होगा। आज जब हम पंजाब के पुत्र गुरिंदरवीर सिंह की रिकॉर्ड तोड़ कामयाबी की बात कर रहे हैं तो हमें इस मुकाम तक पहुंचने के उसके संघर्ष को भी याद करना चाहिए। कोई भी कामयाबी रातों-रात नहीं मिलती। महज 10.09 सेकंड में सौ मीटर की रेस पूरी करने वाले गुरिंदरवीर सिंह ने, निस्संदेह नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर देशवासियों को गर्व करने का मौका दिया है। निर्विवाद रूप से उनके भारत के सबसे तेज धावक बनने की कहानी महज चंद घड़ियों की बदौलत नहीं नापी जा सकती। गांव की धूल से भरी सड़कों में उनका अभ्यास, प्रशिक्षण मैदानों में पसीने के साथ थका देने वाला सफर और संसाधन के अभावों से जूझकर ही वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। वहीं इस कामयाबी में उनके परिवार का खामोश त्याग भी शामिल है, जो उनकी कामयाबी के बाद ही सुर्खियों में नजर आ पाया है। जालंधर के निकट स्थित पटियाल गांव के स्प्रिंट किंग गुरिंदरवीर सिंह ने रांची में फेडरेशन कप में जब सौ मीटर की दौड़ 10.09 सेकेंड में पूरी की तो इस मुकाम तक पहुंचने वाले वे पहले भारतीय थे। एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना। इस इतिहास को रचकर गुरिंदरवीर सिंह देश के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में शामिल हो गए हैं। इस सफलता का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इस कामयाबी के बाद वे स्वत: ही राष्ट्रमंडल खेलों में खेलने के हकदार हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में एक और पदक जीतने की उम्मीद फिर से जगा दी है। उल्लेखनीय है कि स्प्रिंट किंग गुरिंदरवीर का सौ मीटर की दौड़ पूरी करने का यह समय इस सीजन में एशिया का दूसरा सबसे तेज समय है। वे जापान के फुकुतो कोमुरो से महज .01 सेकेंड ही पीछे रहे हैं। विश्वास करना चाहिए कि भविष्य में गुरिंदरवीर सिंह नये मुकाम हासिल करेंगे।

यह विरोधाभास ही है कि जब कोई खिलाड़ी रिकॉर्ड कामयाबी हासिल करता है तो हम उसे पलक-पावड़ों पर बैठा देते हैं। मान-सम्मान और पुरस्कार देते हैं। लेकिन यदि छोटी उम्र में ही प्रतिभा को पहचान करके उसे पर्याप्त संसाधन व प्रशिक्षण प्रदान करें तो देश में कई गुरिंदरवीर तैयार हो सकते हैं। गुरिंदरवीर सिंह की इस कामयाबी के पीछे कई प्रेरणादायक कहानियां भी निहित हैं। उनका मानवीय पहलू हमारे समाज की सकारात्मक ऊर्जा को दर्शाता है। उनके पिता ने अपने बेटे को दौड़ के अभ्यास हेतु भेजने के लिये किश्तों में एक पुराना स्कूटर खरीदा था। जो बताता है कि एक तरफ क्रिकेट खिलाड़ियों पर लाखों-करोड़ों वारे जाते हैं तो दूसरी ओर परंपरागत खेलों से जुड़े खिलाड़ियों का संघर्ष कितना बड़ा है। वहीं गुरिंदरवीर सिंह को तराशने-निखारने की यात्रा में भारतीय नौसेना के योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। जिसने गुरिंदरवीर सिंह को ट्रैक पर उत्कृष्ट सफलता हासिल करने हेतु संबल दिया। निस्संदेह, गांव-कस्बों से निकलने वाली प्रतिभाओं की कामयाबी के पीछे सीमित संसाधनों वाले माता-पिता के दृढ़ संकल्प और त्याग की कहानी छिपी रहती है। गुरिंदरवीर सिंह जैसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाड़ी के पीछे एक परिवार शिद्दत के साथ खड़ा होता है, जो उसके सुनहरे भविष्य के लिये अपनी सुख-सुविधा, बचत व आर्थिक सुरक्षा तक त्याग कर देता है। गुरिंदरवीर सिंह के दिल में गांव और साधारण परिवारों में पले-बढ़े बच्चों के संघर्ष के प्रति खासा सम्मान है। वे उन हजारों नवोदित खिलाड़ियों के लिये प्रेरणापुंज हैं जो अपनी पृष्ठभूमि वाले एक खिलाड़ी को राष्ट्रीय फलक पर चमकता देख रहे हैं। निश्चय ही इस कामयाबी से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। यही वजह है कि इस ऐतिहासिक कामयाबी से पहले जालंधर की महिला खिलाड़ियों से उनका संवाद बेहद सहज-सरल व प्रेरणादायक था कि तुम्हें भी एकदिन यहां पहुंचना है। निश्चय ही उनका यह कथन नवोदित प्रतिभाओं में नई ऊर्जा का संचार करने वाला है। निस्संदेह, विगत में भी पंजाब ने कई ऐसे खेल नायकों को जन्म दिया, जिन्होंने अभावों से जूझते हुए दृढ़ संकल्प से कामयाबी की नई इबारत लिखी। फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह से लेकर जालंधर एक्सप्रेस गुरिंदरवीर की कामयाबी उसकी गवाह है। जो नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने को प्रेरित करती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 मई, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष एकादशी, 06:22 तक, नक्षत्र : हस्त, 05:51 तक, योग : व्यतिपाता, 27:19 तक, सूर्योदय: 04:52, सूर्यास्त: 18:14, चन्द्रोदय : 15:31, चन्द्रास्त: 02:33, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 12:11 से 13:50

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन रिश्तों में मिठास घोलने वाला रहेगा। जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल इतना शानदार रहेगा कि छोटी-छोटी बातें भी खुशी दे जाएंगी।

**वृष :** आज आपका मन दूसरों की मदद करने और धर्म-कर्म में लग सकता है। किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाकर आपको भीतर से सुकून मिलेगा।

**मिथुन :** आज भाग्य आपके पक्ष में खड़ा दिखाई देगा। धर्म और आध्यात्म की ओर आपका झुकाव बढ़ेगा और मन को गहरी शांति मिलेगी। सरकारी योजनाओं से लाभ मिलने के संकेत हैं।

**कर्क :** आज आपके जीवन में सुख-सुविधाओं की चमक बढ़ती नजर आएगी। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं रहेगा। हर कदम सोच-समझकर रखें।

**सिंह :** आज सितारे आपको फिजूलखर्ची से बचने की सलाह दे रहे हैं। कुछ लोग आपकी तरक्की देखकर भीतर ही भीतर जल सकते हैं, इसलिए हर किसी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें।

**कन्या :** आज आपकी आमदनी में बढ़ोतरी के संकेत हैं और घर में खुशियों की दस्तक सुनाई दे सकती है। परिवार में नए सदस्य के आने की खबर माहौल को उत्साह से भर देगी।

**तुला :** आज आपके अधिकांश काम समय पर पूरे होंगे और यही बात आपको भीतर से संतोष देगी। व्यापार में अटकी हुई कोई बड़ी डील आखिरकार फाइनल हो सकती है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपको यह सिखाएगा कि काम टालना कभी-कभी बड़ा नुकसान करा सकता है। किसी दूर रह रहे प्रियजन से मिली खुशखबरी दिल को राहत दे सकती है।

**धनु :** आज आपका दिन भागदौड़ से भरा रहेगा, लेकिन यही भागदौड़ आगे चलकर सफलता का रास्ता खोल सकती है। आय में सुधार होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**मकर :** आज का दिन घर-परिवार में सुकून और शांति लेकर आएगा। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियाँ धीरे-धीरे खत्म होंगी और जीवनसाथी का साथ आपको मजबूत बनाए रखेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन लाभ और नई संभावनाओं से भरा रहेगा। कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात आपके करियर या व्यवसाय को नई दिशा दे सकती है। आपकी मेहनत रंग लाएगी।

**मीन :** आज खुशखबरियां आपके दरवाजे पर दस्तक देती नजर आएंगी। आय में बढ़ोतरी होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। परिवार में किसी शुभ आयोजन की तैयारी का माहौल बनेगा।

# कर, मुनाफे और 'घाटे' का सच !



डॉ घनश्याम बादल

देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें अब केवल आर्थिक बहस का विषय नहीं रह गई हैं, बल्कि यह आम आदमी की रोजमर्रा की पीड़ा का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुकी हैं। सुबह दफ्तर जाने वाला कर्मचारी , खेत में डीजल पंप चलाने वाला किसान, मालवाहक वाहन चालक हो या रसोई गैस सिलेंडर उठाने वाली गृहिणी, सब इस बढ़ती महंगाई की सीधी मार झेल रहे हैं लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आख़िर इस महंगाई का वास्तविक कारण क्या है? क्या केवल अंतरराष्ट्रीय बाजार ज़िम्मेदार है, या फिर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा लगाया जाने वाला भारी कर भी जनता की कमर तोड़ने में बराबर का दोषी है?

भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से मंगाता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का असर भारत पर पड़ना स्वाभाविक है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी और वैश्विक आपूर्ति संकट जैसे कारण अक्सर सरकार और तेल कंपनियों द्वारा गिनाए जाते हैं। लेकिन यह पूरी सच्चाई नहीं है।

यदि केवल अंतरराष्ट्रीय कीमतें ही कारण होतीं, तो जब वैश्विक बाजार में कच्चा तेल सस्ता हुआ था तब जनता को उतनी राहत क्यों नहीं मिली? आखिर क्यों पेट्रोल-डीजल पर कर बढ़ाकर सरकारों ने अपनी आय बढ़ा ली? यहीं से शुरू होती है पेट्रोल-डीजल की 'टैक्स पॉलिटिक्स'।

भारत में एक लीटर पेट्रोल की कीमत में सबसे बड़ा हिस्सा करों का होता है। मई 2026 के औसत आंकड़ों के अनुसार केवल दिल्ली में लगभग 102 रुपये प्रति लीटर बिक रहे पेट्रोल में केंद्र सरकार का उत्पाद शुल्क लगभग 19 से 20 रुपये प्रति लीटर है,( जबकि महाराष्ट्र जैसा राज्य 35% वेट वसूल कर रहा है) जबकि राज्य सरकार का मूल्य वर्धित कर और अन्य शुल्क मिलाकर लगभग 16 से 18 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच जाता है। यानी दिल्ली की जनता से कुल मिलाकर लगभग 35 से 38 रुपये प्रति लीटर कर जनता से वसूला जा रहा है। जबकि महाराष्ट्र कर्नाटक तमिलनाडु बिहार जैसे राज्यों में यह वसूली 40 को भी पार कर रही है। । डीजल पर भी केंद्र और राज्य मिलाकर लगभग 28 से 32 रुपये प्रति लीटर तक कर लेते हैं।

अर्थात यदि कोई व्यक्ति 100 रुपये का पेट्रोल खरीद रहा है तो उसमें लगभग एक-तिहाई से अधिक राशि केवल करों के रूप में सरकारों की जेब में जा रही है।

यही कारण है कि जनता बार-बार पूछती है कि आखिर पेट्रोल और डीजल को अब तक वस्तु एवं सेवा कर के दायरे में क्यों नहीं लाया गया? जवाब स्पष्ट है, क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थ केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के लिए सबसे बड़ी नकदी मशीन बन चुके हैं। यदि इन्हें वस्तु एवं सेवा कर में शामिल कर दिया गया तो बेहिसाब कर वसूली सीमित हो जाएगी।

### ईंधन की आग में झुलसता आम :

विडंबना यह है कि जब कीमतें बढ़ती हैं तो केंद्र सरकार राज्य सरकारों के मूल्य वर्धित कर को जिम्मेदार बताती है और राज्य सरकारें केंद्र के उत्पाद शुल्क को दोष देती हैं। लेकिन दोनों में से कोई भी अपनी आय में कटौती करने को तैयार नहीं दिखाई देता। जनता के लिए राहत केवल चुनावी मौसम में कुछ रुपये घटाने तक सीमित रह जाती है। उसके बाद फिर वही महंगाई लौट आती है।

अब बात तेल कंपनियों की। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सरकारी तेल कंपनियां यह दावा करती हैं कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होने के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। लेकिन दूसरी ओर इनके वित्तीय आंकड़े कुछ अलग कहानी कहते हैं। वर्ष 2024-25 में इन प्रमुख तेल कंपनियों ने संयुक्त रूप से लगभग 77 हजार करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। इंडियन ऑयल ने अकेले लगभग 39 हजार करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जबकि भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने भी हजारों करोड़ रुपये का मुनाफा दिखाया।

ऐसे में जनता का प्रश्न स्वाभाविक है, यदि कंपनियां इतने बड़े मुनाफे में हैं तो फिर घाटा आखिर कहां है?

दरअसल तेल कंपनियां जिस घाटे की बात करती हैं, उसका संबंध मुख्यतः अल्प वसूली से होता है। इसका अर्थ यह है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल अचानक महंगा हो जाता है और सरकार राजनीतिक कारणों से खुदरा कीमतें तुरंत नहीं बढ़ाती, तब कंपनियां कुछ समय तक कम कीमत पर ईंधन बेचती हैं। कंपनियों का कहना होता है कि इससे उनकी लागत और बिक्री मूल्य के बीच अंतर पैदा होता है। लेकिन यह भी सच है कि जब बाजार स्थिर होता है या कीमतें कम होती हैं, तब यही कंपनियां भारी मुनाफा भी कमाती हैं।

आलोचक कहते हैं कि घाटे का तर्क कई बार आधा सच होता है। क्योंकि कंपनियों के मुनाफे, सरकारी लाभांश और कर संग्रह के आंकड़े यह दिखाते हैं कि अंततः इस पूरे तंत्र का भार आम आदमी पर ही डाला जाता है। सरकारें कहती हैं कि करों से सड़कें बनती हैं, विकास होता है और जनकल्याणकारी योजनाएं चलती हैं। यह बात सही हो सकती है, लेकिन तब सवाल उठता है कि विकास का सबसे बड़ा भार केवल पेट्रोल-डीजल उपभोक्ता ही क्यों उठाए?

पेट्रोल-डीजल की महंगाई का असर केवल वाहन तक सीमित नहीं रहता। परिवहन महंगा होता है तो सब्जियां महंगी हो जाती हैं। डीजल महंगा होता है तो खेती की लागत बढ़ जाती है। मालवाहक वाहनों का किराया बढ़ता है तो बाजार में हर सामान की कीमत बढ़ती है। यानी पेट्रोल-डीजल की हर वृद्धि सीधे आम आदमी की रसोई तक पहुंचती है। यही कारण है कि ईंधन मूल्य वृद्धि वास्तव में महंगाई की जननी मानी जाती है।

यदि सरकार वास्तव में जनता को राहत देना चाहती है तो सबसे पहले पेट्रोल-डीजल पर कर व्यवस्था को पारदर्शी बनाना होगा। केंद्र और राज्यों दोनों को अपने करों में संतुलन लाना होगा। पेट्रोलियम पदार्थों को चरणबद्ध तरीके से वस्तु एवं सेवा कर के दायरे में लाने पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। साथ ही तेल कंपनियों के लाभ और लागत का सार्वजनिक लेखा परीक्षण होना चाहिए ताकि जनता को यह स्पष्ट दिखाई दे कि वह किसके लिए कितना भुगतान कर रही है।

आज आम आदमी केवल सस्ता तेल नहीं मांग रहा, बल्कि वह यह जानना चाहता है कि आखिर उसकी मेहनत की कमाई पर सबसे बड़ा अधिकार किसका है - सरकार का, तेल कंपनियों का या उस नागरिक का जो हर दिन बढ़ती महंगाई के बीच अपना जीवन खींचने को मजबूर है?

# एआई का जनजातीय भाषाओं में संवादः समावेशी विकास का द्योतक



श्रीमती रंजना चोपड़ा

हमारे देश भर में फैले जंगलों, पहाड़ियों और दूरदराज की बस्तियों में, एक शांत लेकिन सफल परिवर्तन चल रहा है। जनजातीय समुदाय लंबे समय से भारत की विकास गाथा के केंद्र में अपने उचित स्थान का इंतजार कर रहे थे। आज वे राष्ट्र की प्रगति के सक्रिय वास्तुकार के रूप में उभर रहे हैं। जनजातीय गरिमा उत्सव की यही भावना है: विकसित भारत की यात्रा का एक राष्ट्रीय उत्सव, जहां प्रगति भूगोल या परिस्थिति का विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का समान रूप से अधिकार है।

**महत्वाकांक्षा का पैमाना**

यह समझने के लिए कि प्रौद्योगिकी जनजातीय विकास के लिए अपरिहार्य क्यों हो गई है, किसी को पहले चुनौती की व्यापकता को समझना चाहिए। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन), धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए), राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन और संबंधित पहलों में 549 जिलों और 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 2,911 ब्लॉकों के 63,000 से अधिक गांवों को शामिल किया गया है, जिससे 5.5 करोड़ से अधिक आदिवासी नागरिक लाभान्वित हुए हैं। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) पर विशेष ध्यान देने के साथ, इन प्रयासों का उद्देश्य आवास, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कनेक्टिविटी और आजीविका जैसी आवश्यक सेवाओं का सम्पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करना है। इस तरह के विविध और विस्तृत इलाके में हर परिवार तक पहुंचने के लिए ऐसी प्रणाली की आवश्यकता होती है जो डेटा-संचालित, कनेक्टेड और उत्तरदायी होती है और यही हम तैयार कर रहे हैं।

इस वर्ष जनजातीय गरिमा उत्सव का आयोजन लगभग चार विषयगत सप्ताह के आसपास किया जा रहा है, जो एक साथ जनजातीय विकास के पूर्ण आयाम को दर्शाते हैं। उद्घाटन का विषय, विकास के एक वाहक के रूप में प्रौद्योगिकी, इस बात को दर्शाता है कि कैसे डिजिटल सिस्टम, विज्ञान और नवाचार भारत के कुछ दूरस्थ समुदायों तक शासन और अवसर का विस्तार करने में मदद कर रहे हैं। इस दृष्टिकोण के केंद्र में एक सरल सिद्धांत निहित है: जनजातीय भाषाओं, संस्कृतियों, विरासत और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का पर्याप्त सम्मान करते हुए विकास को अंतिम दूरी तक पहुंचना चाहिए।

**प्रौद्योगिकी द्वारा जनजातीय गरिमा को बढ़ावा**

उद्देश्य के साथ निर्देशित होने पर प्रौद्योगिकी क्या हासिल कर सकती है, इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण बिरसा 101 यानी सिकल सेल रोग के लिए भारत की पहली स्वदेशी सीआरआईएसपीआर-आधारित जीन थेरेपी है। सिकल सेल रोग लंबे समय से जनजातीय आबादी के लिए स्वास्थ्य की एक बड़ी चुनौती पेश कर रहा है और भारत अब समानता और पहुंच में निहित उन्नत विज्ञान के साथ उस चुनौती का जवाब दे रहा है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी) और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से अनुसंधान, नैदानिक परीक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का समर्थन करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। सीएसआईआर-आईजीआईबी में हाल ही में एक संगोष्ठी में वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और सिकल सेल योद्धाओं को एक साथ लाया गया, जो वैज्ञानिक प्रगति और प्रयासों के पीछे की मानवीय तात्कालिकता दोनों को दर्शाता है।

साझा लक्ष्य स्पष्ट है: एक किफायती, एकमुश्त उपचारात्मक उपचार विकसित करना जो जरूरतमंद हर आदिवासी परिवार तक पहुंच सके। बीआईआरएसए 101 केवल चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि से भी बढ़कर है। यह एक घोषणा है कि भारत का सबसे उन्नत विज्ञान अपने सबसे पात्र समुदायों की सेवा करेगा।

यह दृढ़ विश्वास एक पहल से कहीं अधिक गहरा है। ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) और आयुर्जेनोमिक्स जैसे प्रयास दर्शाते हैं कि कैसे आधुनिक तकनीक आदिवासी समुदायों द्वारा लंबे समय से संरक्षित समृद्ध औषधीय और पारिस्थितिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण, मान्यीकरण और संरक्षण में मदद कर सकती है।

समावेशन की यही भावना इस बात को आकार दे रही है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जनजातीय विकास के साथ जोड़ा जा रहा है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में, मंत्रालय ने एक सरल लेकिन दृढ विश्वास पर आधारित एआई-सक्षम प्लेटफार्मों की श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि भाषा एक बाधा नहीं है जिसे दूर किया जाना है, बल्कि एक पहचान है जिसका उत्सव मनाया जाना चाहिए। आदि वाणी, जनजातीय भाषाओं के लिए एआई-संचालित अनुवादक, टेक्स्ट-टू-टेक्स्ट और टेक्स्ट-टू-स्पीच अनुवाद, ओसीआर और आदिवासी भाषाओं में सरकारी योजना की जानकारी के वितरण का समर्थन करता है, जिससे नागरिकों को घर पर बोलने वाली भाषा में सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ने में सक्षम बनाया जाता है। ट्राइबॉट एक बहुभाषी संवादी एआई सहायक है, जो दूरदराज के क्षेत्रों में नागरिकों को तत्क्षण मार्गदर्शन और शिकायत निपटारे में सहायता प्रदान करके इस प्रयास को और मजबूत करता है। भगवान बिरसा मुंडा सेल और आईआईटी दिल्ली के साथ आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान भी इन प्रयासों पर चर्चा की गई, जो जनजातीय भाषाओं के दीर्घकालिक संरक्षण और सुदृढ़ीकरण सहित एआई के सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील और समुदाय-केंद्रित इस्तेमाल पर केंद्रित थी।

प्रौद्योगिकी सांस्कृतिक अभिकथन और आर्थिक सशक्तिकरण का एक शक्तिशाली माध्यम भी बन रही है। आगामी ट्राइबएक्स प्लेटफॉर्म का उद्देश्य जनजातीय कलाओं, भाषाओं, पारंपरिक ज्ञान, संगीत, शिल्प और सांस्कृतिक अनुभवों को बढ़ावा देने के लिए एक डिजिटल इकोसिस्टम बनाना है। इस प्रयास को पूरा करते हुए, जनजातीय भारत का प्रस्तावित जीआई संभावित कला और शिल्प एटलस भौगोलिक संकेत क्षमता के साथ जनजातीय हस्तशिल्प, वन उत्पादों और पारंपरिक कला रूपों का डिजिटल रूप से मानचित्रण करेगा, जिससे ब्रांडिंग, बाजार पहुंच और जनजातीय बौद्धिक विरासत की पहचान को मजबूत करने में मदद मिलेगी। पायलट आधार पर पांच राज्यों के जनजातीय अनुसंधान संस्थानों में इनोवेशन हब की योजना बनाई गई है, जो नवाचार के नेतृत्व वाले आदिवासी उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए डिजाइन और उत्पाद विकास सहायता, जीआईएस-आधारित योजना डैशबोर्ड और इनक्यूबेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़कर और आगे बढ़ेंगे।

प्रौद्योगिकी जनजातीय समुदायों तक शासन के तरीके को समान रूप से बदल रही है। पीवीटीजी घरेलू सर्वेक्षणों के लिए पीएम-जनमन के तहत सर्वेक्षण सेतु दूरदराज के क्षेत्रों में कल्याण वितरण की तत्क्षण, जियो-टैग निगरानी को सक्षम बनाता है। 18 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में संचालित, इस प्लेटफॉर्म ने 8,552 सर्वेक्षणकर्ताओं के समर्थन के साथ पहले ही 3.43 लाख घरेलू प्रस्तुतियां दर्ज की हैं। इस तरह की डेटा-संचालित प्रणालियां यह सुनिश्चित करने में मदद करती हैं कि प्रत्येक पात्र परिवार की पहचान की जाए और उसे आवश्यक सेवाओं से जोड़ा जाए। इसके साथ ही मंत्रालय दावा प्रस्तुतीकरण, जीआईएस-आधारित मानचित्रण, वर्कफ्लो की निगरानी और शिकायत निवारण को सुव्यवस्थित करने के लिए एक एआई-सक्षम वन अधिकार अधिनियम शासन मंच विकसित कर रहा है। साथ में, ये पहल आदिवासी नागरिकों के लिए शासन को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और सुलभ बना रही हैं।


**जनजातीय समुदायः विकसित भारत के वाहक**

एक क्षण ऐसा होता है, जो उस सार को पकड़ लेता है, जिसके लिए हम काम कर रहे होते हैं। यह किसी नीतिगत दस्तावेज या मंत्रिस्तरीय समीक्षा में नहीं पाया जाता है। यह तब पाया जाता है जब दूरदराज की बस्ती की एक आदिवासी महिला, तकनीक से, भाषा से सशक्त होती है और उसे इस बात का अहसास होता हो कि उसकी बात को राष्ट्र सुन रहा है। ऐसे में वह अपनी शर्तों पर सरकारी सेवाओं से जुड़ती है और पूरी गरिमा के साथ जवाब प्राप्त करती है। वह क्षण किसी यात्रा का अंत नहीं है। यह भारत की राष्ट्रीय गाथा में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

जनजातीय गरिमा उत्सव इस संदेश को गर्व के साथ ले जाता है। जनजातीय समुदाय, अपनी दृढता, अपने पारिस्थितिक ज्ञान, अपनी कलात्मक परंपराओं और इस भूमि में अपनी गहरी जड़ों के साथ, विकसित भारत की दहलीज पर इंतजार नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे इसके सबसे शक्तिशाली और प्रेरक वाहकों में शामिल हैं। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी दूरियों को पाटती है, जैसे-जैसे विज्ञान उपचार प्रदान करता है, जैसा कि एआई जंगलों और पहाड़ियों की भाषाओं में बोलता है, और जैसे-जैसे शासन सबसे दूर के गांव के अंतिम परिवार तक पहुंचता है, हम हर दिन भारत के करीब आते हैं जो न केवल व्यापकता के रूप में विकसित है, बल्कि अपनी मानवता में परिपूर्ण है। यह वह विकसित भारत है जिसे हम माननीय प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर एक साथ मिलकर निर्मित कर रहे हैं।

(लेखिका भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव हैं)

## वर्ग पहेली नं. 3451



*बायें से दायें:-* 2) चौथाई, 4) पास, 7) लुंगी, 9) एक दलहन, 11) आर्थिक तंगी, 12) प्रहार; आक्रमण, 14) लेखाशीर्षक, 15) जबड़ा; अंकुर, 16) छोटा संघटित दल, 17) सिखों के चौथे गुरु, 19) अलावा, 21) नई मूँछ, 22) रिवाज, 23) सठियाया; मूर्खतापूर्ण *(कृत्य)*, 26) मूल व्यय; खर्च, 30) चौंतरा, 31) धार्मिक संप्रदाय, 32) खोज.

*ऊपर से नीचे:-* 1) ग़द्दार, 2) पापी, 3) पत्नी *(बोलचाल)*; यह नहीं, 4) पैर, 5) विस्फोटक रासायनिक गोला, 6) व्यवहार, 8) टोला, 10) निर्जल, 13) बेजोड़, 15) व्यायाम, 18) समस्या, 20) चूल्हा, 24) बुद्धि, 25) मनोनीत, 27) साक्षी, 28) स्वीकार करना, 29) खोया.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3409

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | | 6 | | | | | |
| 7 | | | | 4 | | | | |
| | 9 | 5 | | 2 | | | | |
| | | 3 | | | | | | 4 |
| | | | | | | 7 | | |
| | | | | 5 | | 1 | | 9 |
| | | | 8 | | | 6 | 5 | |
| | | 4 | | 7 | 3 | | | 2 |
| | | | | | 5 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3408 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 8 | 5 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 3 | 2 |

# हाई कोर्ट ने यौन उत्पीड़न के फर्जी मामलों में पीड़ितों को मुआवजा देने का प्रस्ताव दिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** यौन उत्पीड़न और अन्य आपराधिक मामलों में वित्तीय लाभ की लालसा से प्रेरित झूठी शिकायतों की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने फर्जी दावों को हतोत्साहित करने के लिए पीड़ित को चरणबद्ध तरीके से मुआवजा देने का प्रस्ताव दिया है। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने एक लड़की से दुष्कर्म करने के आरोप से एक प्राध्यापक को बरी करते हुए इन बदलावों का प्रस्ताव दिया और उन्हें 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि अधीनस्थ अदालत में उनकी दोषसिद्धि और कारावास ने उनकी प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है। मुआवजे के दुरुपयोग को रोकने के लिए राज्य सरकार के लिए नीतिगत सिफारिश करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि यद्यपि पीड़ित मुआवजा योजना पुनर्वास का एक सराहनीय साधन है, लेकिन न्यायालय एक चिंताजनक प्रवृत्ति देख रहा है जहां वित्तीय लाभ की लालसा अनैतिक व्यक्तियों को झूठी शिकायतें दर्ज करने के लिए प्रेरित करती है। न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्बा सिन्हा रे की खंडपीठ ने 22 मई को फैसला सुनाते हुए कहा कि पीड़ितों को सहायता प्रदान करने की आवश्यकता और निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए, अधिक कठोर वितरण संरचना की आवश्यकता है। अदालत ने एक ऐसा ढांचा



प्रस्तावित किया जिसके तहत पीड़ित को अंतरिम भुगतान किया जाएगा, जो प्रारंभिक वितरण के रूप में मुआवजे की राशि का 25 प्रतिशत होगा। अदालत ने कहा कि शेष 75 प्रतिशत राशि अधीनस्थ अदालत में दोष सिद्ध होने पर पीड़ित (या उसके निकटतम संबंधी) के नाम पर ब्याज कमाने वाले खाते में जमा की जाएगी और ये धनराशि अपील के अंतिम निर्णय तक सुरक्षित रहेगी। खंडपीठ ने कहा कि चरणबद्ध भुगतान लागू करने से फर्जी मामले दर्ज करने की प्रवृत्ति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अदालत ने राज्य सरकार के न्यायिक विभाग के प्रधान सचिव से इस मामले पर संबंधित विभागों को सलाह देने का अनुरोध किया और पश्चिम बंगाल राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव को इन सिफारिशों की समीक्षा करने और उन्हें लागू करने का निर्देश दिया। पीठ ने टिप्पणी की कि यद्यपि बच्चे 'सर्वोच्च राष्ट्रीय संपत्ति' हैं, फिर भी यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के कड़े प्रावधानों का इस्तेमाल व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने के लिए नहीं किया जा सकता। अदालत ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल के अध्यक्ष और पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि वे विशेष लोक अभियोजक और जांच अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने पर विचार करें, क्योंकि उन्होंने आरोपी को दोषी ठहराने में पक्षपातपूर्ण भूमिका निभाई थी। आरोपी ने 2022 में शिकायत दर्ज होने के बाद से चार साल हिरासत में बिताए।

इस दोषसिद्धि पर आपत्ति जताते हुए उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने हुगली जिले के श्रीरामपुर कॉलेज के प्रोफेसर प्रताप दिगल को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया, जिन्हें 2024 में श्रीरामपुर की एक विशेष अदालत ने 20 साल की जेल की सजा सुनाई थी। अदालत ने माना कि एक विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति (जिसने पहले अपीलकर्ता की अलग रह रही पत्नी का प्रतिनिधित्व किया था) करने से पक्षपात का स्पष्ट खतरा पैदा हुआ था। अपीलकर्ता की पत्नी इस मामले में एक महत्वपूर्ण गवाह है और दिगल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (घरेलू हिंसा) के तहत एक विरोधी मामले में शिकायतकर्ता है। अलग रह रही पत्नी और उनका बेटा दुष्कर्म के मामले में अभियोजन पक्ष के गवाह थे। पीठ ने कहा कि वकील जॉयदीप मुखर्जी को अधीनस्थ अदालत के समक्ष कार्यवाही से विशेष लोक अभियोजक के रूप में खुद को अलग कर लेना चाहिए था। उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि यदि मुखर्जी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जाती है, तो पश्चिम बंगाल बार काउंसिल यह सुनिश्चित करेगी कि दिगल को अभियोजक के आचरण के संबंध में गवाही देने और सबूत पेश करने का पूरा और निष्पक्ष अवसर दिया जाए, क्योंकि अपीलकर्ता ही वह प्राथमिक व्यक्ति है जिसकी स्वतंत्रता और प्रतिष्ठा उपरोक्त हितों के टकराव से प्रभावित हुई है। दिगल को बरी करते हुए खंड पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष के गवाहों की जिरह ने अभियोजन पक्ष के मामले को स्पष्ट रूप से ध्वस्त कर दिया है, जो कथित पीड़ित लड़की, उसकी बड़ी बहन (जो इस मामले में शिकायतकर्ता थी) और अपीलकर्ता की अलग रह रही पत्नी और उसके बेटे के 'पक्षपा-तपूर्ण बयान' पर आधारित है।

### ममता के खिलाफ सिलीगुड़ी साइबर थाने में शिकायत, सनातन धर्म पर टिप्पणी का आरोप

**सिलीगुड़ी/कोलकाता :** पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ सिलीगुड़ी स्थित साइबर थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें उन पर सनातन धर्म को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है। यह शिकायत अधिवक्ता रिंकी चटर्जी सिंह द्वारा दर्ज कराई गई है। शिकायत में दावा किया गया है कि ममता बनर्जी के बयान से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और यह समाज में तनाव पैदा कर सकता है। जानकारी के अनुसार, चुनाव से पहले और वर्ष 2025 में हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि 2025 में कोलकाता में ईद के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हिंदू समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था।

## मोथाबाड़ी में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने और सड़क जाम करने के मामले में 15 लोग गिरफ्तार

**मालदह :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले महीने मालदह जिले में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में शामिल न्यायिक अधिकारियों को कथित तौर पर अवैध रूप से बंधक बनाने और सड़क जाम करने के मामले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

बता दें कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को मालदह जिले में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। एजेंसी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि दो अलग-अलग मामलों में सड़क जाम करने और न्यायिक अधिकारियों को अवैध रूप से बंधक बनाने के आरोप में कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक मामले में मुख्य आरोपी जोशम शेख और अस्माउल शेख सहित 12 लोगों को हैबटोला-अमलीटोला सड़क पर एक महिला न्यायिक अधिकारी को लगभग आठ घंटे तक बंधक बनाकर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आतंकवाद निरोधक एजेंसी ने बताया कि मोथाबारी ब्लॉक में बागमारा पुल को जाम करने के संबंध में तीन अन्य लोगों - आलमगीर एसके, नूरुल इस्लाम और हबीबुर रहमान को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने कहा कि इन घटनाओं में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। केंद्रीय एजेंसी ने यह भी कहा कि वह समन्वित नाकाबंदी और बंधक बनाए जाने के पीछे की बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने की कोशिश कर रही है।

## 12 दिन कोमा में रहने के बाद नेताजी नगर में तीसरी कक्षा के छात्र की मौत

### स्कूल पर लापरवाही का आरोप, स्कूल के बाहर अभिभावकों का विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी नगर स्थित एक स्कूल में तीसरी कक्षा के छात्र की रहस्यमयी मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। 12 दिनों तक कोमा में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद छात्र आयुष नाथ की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि स्कूल प्रशासन की ला-परवाही के कारण मासूम की जान गई। मामले में नेताजी नगर थाने में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि मृतक छात्र आयुष नाथ नेताजीनगर के महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में तीसरी कक्षा का छात्र था। परिजनों के मुताबिक, 13 मई को वह रोज की तरह स्कूल गया था। लेकिन छुट्टी के समय जब पिता उसे लेने पहुंचे, तो उन्हें फोन कर टीचर्स रूम में बुलाया गया। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि आयुष लगभग अचेत



अवस्था में था। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई और वह कोमा में चला गया। 12 दिनों तक इलाज के बाद बीते रविवार को उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने प्राथमिक तौर पर सिर में रक्तस्राव (ब्रेन हेमरेज) को मौत की वजह बताया है। आयुष की मां ने स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि स्कूल पहुंचने के बाद आयुष ने अपनी तबीयत खराब होने की जानकारी शिक्षकों को दी थी, लेकिन किसी ने उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। आरोप है कि उसे खिड़की के पास सिर झुकाकर बैठने के लिए कह दिया गया और घंटों उसी हालत में छोड़ दिया गया। परिवार का आरोप है कि छुट्टी के समय बैग लेकर सीढ़ियों से उतरते वक्त आयुष गिर गया था और उसका सिर दीवार से जोर से टकराया था। इससे उसे गंभीर चोट लगी। हालांकि, स्कूल प्रशासन ने इस घटना की जानकारी परिवार को नहीं दी। आयुष की मां का दावा है कि उन्हें पूरी घटना की जानकारी बच्चे के दोस्तों से मिली।

घटना के बाद परिवार ने नेताजी नगर थाने में स्कूल प्रशासन के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने लापरवाही के आरोप में जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि घटना किन परिस्थितियों में हुई। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। इस दर्दनाक घटना के बाद महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के बाहर अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## दुबराजपुर में तृणमूल कांग्रेस को झटका, पार्षद सागर कुंडू ने छोड़ी पार्टी

**बीरभूम :** राज्य में राजनीतिक बदलाव के बीच नगरपालिकाओं में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। इसी कड़ी में, बीरभूम जिले के दुबराजपुर नगरपालिका के पार्षद और शहर युवा तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष सागर कुंडू ने पार्टी और अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। आंखों में आंसू और गले में रुंधे स्वर के साथ सागर कुंडू ने कहा कि अब उनका तृणमूल कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। मंगलवार की सुबह वह इलाके में घर-घर जाकर लोगों को खुद यह जानकारी देते हुए कहा कि अब वह वार्ड के पूर्व पार्षद हैं। उन्होंने कहा कि मैं अब पार्षद पद पर नहीं रहूंगा। साथ ही, शहर युवा तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी छोड़ रहा हूं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह तृणमूल कांग्रेस से 'सभी संबंध समाप्त' कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि पद और पार्टी छोड़ने के बावजूद आम लोगों की सेवा करते रहेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह फैसला राज्य में तृणमूल की सत्ता जाने के कारण लिया गया है, तो उन्होंने कहा कि ऐसा दिन देखना पड़ेगा, यह कभी नहीं सोचा था। लेकिन जनता का फैसला ही अंतिम होता है। दुबराजपुर के तृणमूल विधायक अनूप कुमार साहा ने इस मुद्दे पर फिलहाल ज्यादा टिप्पणी करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि यदि आधिकारिक रूप से इस्तीफा दिया जाता है, तब स्थिति देखी जाएगी।

विधायक ने कहा कि दुबराजपुर नगरपालिका में हुए सभी कार्यों के आधार पर हर पार्षद पर कड़ी नजर रखी जाएगी। यदि किसी ने कहीं कोई भ्रष्टाचार किया है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## बकरीद की छुट्टी के चलते बदला परीक्षा कार्यक्रम, जादवपुर विश्वविद्यालय में अब 29 मई को होगी परीक्षा

### 28 मई को निर्धारित कला संकाय की परीक्षाएं एक दिन आगे बढ़ीं, विश्वविद्यालय ने जारी की नई अधिसूचना

**कोलकाता :** बकरीद (ईद-उल-जोहा) के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा घोषित अवकाश के कारण जादवपुर विश्वविद्यालय ने अपनी परीक्षा तिथि में बदलाव किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया है कि 28 मई को आयोजित होने वाली कला संकाय की कई परीक्षाएं अब 29 मई को आयोजित की जाएंगी।

राज्य सरकार ने इस वर्ष 28 मई को बकरीद के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन करने का निर्णय लिया। अधिकारियों का कहना है कि अवकाश के दिन परीक्षा आयोजित करना छात्रों और कर्मचारियों दोनों के लिए असुविधाजनक हो सकता था, इसलिए नई तिथि निर्धारित की गई है।

विश्वविद्यालय सूत्रों के मुताबिक, जिन परीक्षाओं का आयोजन 28 मई को होना था, वे अब 29 मई को उसी निर्धारित समय पर आयोजित की जाएंगी। छात्रों को संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार अपनी तैयारी जारी रखने की सलाह दी गई है। साथ ही विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट और संबंधित विभागों के माध्यम से भी नई समय-सारिणी की जानकारी दी जा रही है।

परीक्षा तिथि में बदलाव के फैसले का छात्रों के एक बड़े वर्ग ने स्वागत किया है। कई छात्रों का कहना है कि त्योहार के दिन परीक्षा होने से यात्रा, पारिवारिक कार्यक्रम और अन्य व्यवस्थाओं में परेशानी की आशंका थी। ऐसे में विश्वविद्यालय का यह निर्णय राहत देने वाला है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे किसी भी भ्रम से बचने के लिए आधिकारिक नोटिस पर नजर बनाए रखें और संशोधित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों।

## पी. जवाहर बने एमपीईडीए चेयरमैन, टिकाऊ मत्स्य पालन और निर्यात पर रहेगा फोकस

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारत सरकार के अधीन समुद्री उत्पाद क्षेत्र के विकास और समुद्री खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने वाली संस्था मरीन प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमपीईडीए) के नए चेयरमैन के रूप में 2007 बैच के आईएएस अधिकारी पी. जवाहर ने पदभार संभाल लिया है।

एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी जवाहर इससे पहले पुडुचेरी सरकार में मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा आयुक्त-सह-सचिव के रूप में कार्यरत थे। अपने प्रशासनिक कार्यकाल में उन्होंने उद्योग एवं वाणिज्य, शिक्षा और चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली। पी. जवाहर कृषि, पर्यावरण विज्ञान और शहरी विकास जैसे विषयों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि रखते हैं।

माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में एमपीईडीए टिकाऊ मत्स्य पालन, एक्वाकल्चर, आधारभूत संरचना विकास और समुद्री उत्पाद निर्यात की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर विशेष ध्यान देगा। साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण, ट्रेसबिलिटी और मत्स्य क्षेत्र से जुड़े लोगों की आजीविका को मजबूत करने की दिशा में भी नई पहल की उम्मीद जताई जा रही है।

## तिलजला अवैध निर्माण मामले में नगर निगम के नोटिस को हाई कोर्ट में चुनौती

❑ **संपत्ति मालिकों ने लगाई याचिका, ग्रीष्मकालीन अवकाश पीठ में शुक्रवार को हो सकती है सुनवाई**

**कोलकाता :** तिलजला इलाके में अवैध निर्माण और उसे ध्वस्त करने की कार्रवाई को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। अब इस मामले में कोलकाता नगर निगम द्वारा जारी किए गए नोटिस को चुनौती देते हुए संबंधित संपत्ति मालिकों ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। संपत्ति मालिकों की ओर से अदालत में मामला दायर करने की अनुमति मांगी गई थी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया है।

सूत्रों के अनुसार, मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से न्यायमूर्ति झरींहर डरीरींहळ डशप का ध्यान आकर्षित किया गया। अदालत ने इस मामले में याचिका दायर करने की अनुमति प्रदान कर दी है। अब संभावना जताई जा रही है कि आगामी शुक्रवार को ग्रीष्मकालीन अवकाशकालीन पीठ में इस मामले की सुनवाई हो सकती है।

जानकारी के मुताबिक, तिलजला में हाल ही में अवैध निर्माणों के खिलाफ नगर निगम की ओर से सख्त कार्रवाई शुरू की गई थी। कई भवनों और व्यावसायिक परिसरों को नोटिस जारी कर उन्हें अवैध बताते हुए ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी कार्रवाई के खिलाफ अब संबंधित संपत्ति मालिक अदालत पहुंचे हैं।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि नगर निगम की ओर से जारी नोटिस और कार्रवाई उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना की गई। उनका कहना है कि उन्हें पर्याप्त समय और अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया। इसी आधार पर उन्होंने हाई कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की है। दूसरी ओर, प्रशासन और नगर निगम की ओर से लगातार यह कहा जा रहा है कि शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। तिलजला क्षेत्र में हाल के दिनों में अवैध निर्माण और सुरक्षा मानकों को लेकर कई सवाल उठे हैं, जिसके बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। अब इस मामले पर सबकी नजरें हाई कोर्ट की आगामी सुनवाई पर टिकी हैं। अदालत के फैसले के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि नगर निगम की कार्रवाई पर रोक लगेगी या फिर प्रशासन को अपने अभियान को आगे बढ़ाने की अनुमति मिलेगी।

### बकरीद पर 28 मई को बदलेगी मेट्रो सेवा, ब्लू लाइन में चलेंगी 246 ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो ने ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अवसर पर 28 मई को विभिन्न लाइनों पर मेट्रो सेवाओं में बदलाव करने का फैसला किया है। इस दिन ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन और येलो लाइन पर शनिवार की समय-सारिणी के अनुसार ट्रेनें चलाई जाएंगी। जानकारी के अनुसार, इस दिन सामान्य कार्यदिवस की तुलना में कम सेवाएं संचालित की जाएंगी। हालांकि, सभी टर्मिनल स्टेशनों से पहली और अंतिम ट्रेन के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इस दिन, ब्लू लाइन पर सामान्य दिनों में चलने वाली 260 सेवाओं के स्थान पर कुल 246 सेवाएं संचालित होंगी। वहीं, येलो लाइन पर 120 के बजाय 92 सेवाएं चलाई जाएंगी। ग्रीन लाइन पर भी सामान्य 228 सेवाओं की जगह 204 सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। मेट्रो रेलवे ने स्पष्ट किया है कि पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन की सेव-ाओं में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। इन दोनों लाइनों पर ट्रेनें सामान्य समय-सारिणी के अनुसार ही चलेंगी।

### पीएल एसेट मैनेजमेंट ने जारी की मार्केट आउटलुक और रणनीति

**कोलकाता :** पीएल एसेट मैनेजमेंट ने अप्रैल 2026 के लिए अपना ताजा मार्केट आउटलुक और रणनीति जारी की है। इसमें कहा गया है कि भारतीय इक्विटी बाजार में मजबूत रिकवरी देखने को मिल रही है। यह रिकवरी बेहतर होती लिक्विडिटी, मजबूत घरेलू मैक्रोइकोनॉमिक हालात और घरेलू निवेशकों की लगातार भागीदारी के चलते आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर उतार-चढ़ाव बना हुआ है। सिद्धार्थ वोरा ने कहा, अप्रैल 2026 में निवेशकों की धारणा में बड़ा बदलाव देखने को मिला। बेहतर लिक्विडिटी, मजबूत घरेलू हालात और बढ़ी हुई जोखिम लेने की क्षमता के कारण सभी सेक्टरों में रैली आई। ऊंची कच्चे तेल की कीमतों, भू-राजनीतिक जोखिमों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बावजूद भारतीय बाजार ने मजबूत लचीलापन दिखाया।

### लेकटाउन स्थित श्री बाल हनुमान मंदिर में सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** लेकटाउन स्थित श्री बाल हनुमान मंदिर में अधिक मास के शुभ अवसर पर आयोजित दशम श्री श्री सवा लाख हनुमान चा-लीसा पाठ पारायण महायज्ञ में मंगलवार को काशी अनंतकाशी गुरुकुलम के संस्थापक पंडित राजेश कुमार मिश्रा एवं कोलकाता निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी विकाश जायसवाल पधारे एवं समाज सेवीका क्षत्राणी मीकु सोनी भगवान श्री हनुमान जी के बाल रूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस आशय की जानकारी देते हुए मंदिर के प्रमुख सेवायत पूज्य श्री बजरंग लाल जी शर्मा ने बताया कि अधिकमास के अवसर पे मंदिर परिसर में प्रतिदिन 31 विद्वान पंडितों द्वारा प्रातः 8 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक तथा सांय 4 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक सामूहिक संगीतमय श्री हनुमान चालीसा पाठ अनुष्ठित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की निरंतर उपस्थिति से पूरा वाता-वरण भक्तिमय बना हुआ है। यह धार्मिक आयोजन इस बार 23 मई से 13 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन की सफलता हेतु सर्वश्री सुधीर शर्मा, संदीप अग्रवाल, अमित कुमार धानुका, दीपक सोमानी, गंगा प्रसाद चौधरी, दीनदयाल जोशी, अनूप जोशी, गगन कड़ेल, अरूण शर्मा, मनोज अग्रवाल, प्रमोद बगड़िया, प्रवीण मित्तल एवं अन्य सक्रिय हैं।

## 'स्पॉट इट, रिपोर्ट इट' अभियान बना हिट, पूर्व रेलवे ने 30 मिनट में पूरी की सफाई चुनौती

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने स्वच्छता को लेकर अपनी अन-ोखी पहल के जरिए यात्रियों के बीच नई मिसाल कायम की है। रेलवे ने 30 मिनट के भीतर सफाई गारंटी अभियान के तहत प्लेटफॉर्म और रेलवे परिसरों में गंदगी की शिकायतों का रिकॉर्ड समय में समाधान कर यात्रियों का भरोसा जीता है। स्पॉट इट, रिपोर्ट इट, वी आर ऑन इट थीम पर आधारित यह अभियान 16 मई से शुरू किए गए स्वच्छता अभियान के दूसरे चरण का हिस्सा है।




पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत यात्रियों को रेलमदद ऐप या सोशल मीडिया पर ईआरचैलेंज के माध्यम से गंदगी की तस्वीर साझा करने की सुविधा दी गई है। शिकायत मिलते ही सफाईकर्मी 30 मिनट के भीतर संबंधित स्थान को साफ करने में जुट जाते हैं। पिछले 10 दिनों में पूरे जोन में केवल 69 शिकायतें दर्ज हुईं और सभी का समाधान तय समय में कर दिया गया। इनमें सियालदह मंडल में 38, हावड़ा में 26, मालदह में 4 और आसनसोल मंडल में 1 शिकायत का निपटारा किया गया। अधिकारियों के अनुसार, स्वच्छता जागरूकता अभियान के पहले चरण का असर अब साफ दिखाई दे रहा है और यात्री भी स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि पहले चरण में जागरूकता पर जोर दिया गया था, जबकि दूसरे चरण में जवाबदेही और त्वरित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व रेलवे जल्द ही पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर यात्रा अनुभव देने के अपने लक्ष्य को हासिल करेगा।

### एआई संचालित शॉपिंग और गर्मियों की मांग ने बढ़ाई अमेजन ग्रेट समर सेल 2026 की रफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ग्रेट समर सेल 2026 को इस बार ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। बढ़ती गर्मी, एआई-संचालित शॉपिंग फीचर्स और प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग के चलते सेल के दौरान कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े घरेलू उपकरण, फैशन, ब्यूटी और ग्रोसरी श्रेणियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। अमेजन इंडिया ने बताया कि इस आयोजन में साल-दर-साल दोहरे अंकों की वृद्धि देखने को मिली। कंपनी के अनुसार, प्राइम मेंबर्स ने 2 लाख से अधिक उत्पादों पर विशेष ऑफर्स का लाभ उठाते हुए अतिरिक्त बचत और कैशबैक हासिल किया। वहीं, टियर-2 और टियर-3 शहरों में प्रीमियम उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी और करीब 1.7 गुना वृद्धि दर्ज की गई। एलजी, सैमसंग, हायर, हिताची, लॉयड और बॉश जैसे प्रमुख ब्रांडों के स्मार्टफोन, एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर और अन्य स्मार्ट उपकरणों की भारी मांग रही। फैशन, ब्यूटी और वेलनेस श्रेणियों में भी ग्राहकों ने बड़े पैमाने पर खरीदारी की। अमेजन ने बताया कि ग्राहकों ने खरीदारी के बेहतर अनुभव के लिए रूफस, लेंस एआई, एआई रिव्यू हाइलाइट्स और बाइंग गाइड्स जैसे एआई-आधारित फीचर्स का व्यापक उपयोग किया, जिससे ऑनलाइन शॉपिंग अधिक आसान और स्मार्ट बनी।

### अमेजन पर मेगा क्रिकेट फेस्टिवल लाइव होने के साथ ही शुरू हुआ शॉपिंग का सुपर ओवर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने क्रिकेट सीजन को ध्यान में रखते हुए अमेजन पर 'मेगा क्रिकेट फेस्टिवल' शुरू किया है, जिसमें स्पोर्ट्स गियर, फिटनेस उत्पादों, फैन मर्चेंडाइज और स्मार्ट टीवी सेट-अप पर 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यह ऑफर 31 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगा। कंपनी के अनुसार, ग्राहक एसजी, डीएससी, कॉकटू, बोल्डफिट, निविया और प्लेआर जैसे प्रमुख ब्रांडों के उत्पादों पर आकर्षक डील्स का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने पर ग्राहकों को अनलिमिटेड 5 प्रतिशत कैशबैक भी मिलेगा, जबकि चुनिंदा बैंक कार्डों पर अतिरिक्त ऑफर्स उपलब्ध हैं। प्राइम मेंबर्स कई उत्पादों पर सेम-डे डिलीवरी का लाभ उठा सकेंगे। कंपनी ने बताया कि रूफस, लेंस एआई, रिव्यू हाइलाइट्स और प्राइस हिस्ट्री जैसे एआई-संचालित शॉपिंग टूल्स ग्राहकों को बेहतर प्रोडक्ट खोजने, तुलना करने और समझदारी से खरीदारी करने में मदद करेंगे। क्रिकेट फैंस अपनी पसंदीदा टीमों से जुड़े मर्चेंडाइज और कलेक्टिबल्स की भी खरीदारी कर सकेंगे।

### भारत की वार्षिक कार्यालय मांग का केवल 14% ही पूरा कर सकती है अमेरिकी डॉलर

**कोलकाता :** भारत के रियल एस्टेट बाजार में कार्यालय (ऑफिस) और वेयरहाउसिंग क्षेत्रों में मजबूत अधिभोगी मांग लगातार बनी हुई है। नाइट फ्रैंक इंडिया के नवीनतम अध्ययन, इंडिया रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट - अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स, प्लेटफॉर्म्स और फंडिंग गैप के अनुसार, रियल एस्टेट पर केंद्रित एआईएफ ने 2021 और 2025 के बीच 14.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पूंजी प्रतिबद्धताएं दर्ज की हैं। इसमें से लगभग 7.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए जा चुके हैं, और भारतीय निवेशकों द्वारा लगभग 5.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहले ही निवेश किए जा चुके हैं। इसके परिणामस्वरूप दिसंबर 2025 तक भविष्य के निवेश के लिए ड्राई पाउडर के रूप में लगभग 2.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर उपलब्ध हैं। शिशिर बैजल, इंटरनेशनल पार्टनर, मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन, नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा, भारत का कमर्शियल रियल एस्टेट एक ऐसे चरण में प्रवेश कर चुका है जहां अधिभोगी मांग संस्थागत पूंजी की उपलब्धता से आगे निकल रही है। इसलिए, वास्तविक अवसर पूंजी के इस अंतर को पाटने में निहित है।

## हत्या मामले में फरार पूर्व बीडीओ 'शराब पीकर गाड़ी चलाने' के आरोप में गिरफ्तार, मिली जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजगंज के पूर्व प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) प्रशांत बर्मन को कथित रूप से नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में न्यू टाउन में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बता दें कि बर्मन पर 2025 में एक व्यवसायी की हत्या में संलिप्तता का आरोप है और वह कई महीनों से फरार था। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार की देर रात इको पार्क थाने के जवानों ने उसे लापरवाही से और नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि नशे में वाहन चलाने के कारण न्यू टाउन क्षेत्र में एक व्यक्ति घायल हो गया। बर्मन को मंगलवार की सुबह औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि 'सत्यापन के दौरान पता चला कि वह व्यक्ति प्रशांत बर्मन था, जो सोने के व्यापारी की हत्या के मामले में आरोपी भी है और इस प्रकरण की जांच जारी है। उसने हमारे कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया, उन्हें धमकाया और जांच कराने (शराब के नशे में था या नहीं, यह पता करने के लिए) के लिए कहे जाने पर सहयोग करने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि नशे की वजह से उसने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और सिटी सेंटर 2 के पास स्थित एक मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर एक पैदल यात्री को टक्कर मार दी। बर्मन ने दुर्घटना के बाद भागने की कोशिश भी की, लेकिन वह असफल रहा। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया और इको पार्क पुलिस थाने ले जाया गया। प्रारंभिक पूछताछ और मेडिकल जांच के बाद, उसे सुबह में औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि बर्मन को बारासात की अदालत में पेश किए जाने पर जमानत मिल गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बारासात के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बर्मन को जमानत दे दी।

## भोजपुरी नवयुवक संघ ने नमकगोला घाट पर 1100 दीप जलाकर मनाया गंगा दशहरा



**हावड़ा, समाज्ञा :** भोजपुरी नवयुवक संघ की ओर से हावड़ा के नमकगोला घाट पर गंगा दशहरा के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान 1100 दीप प्रज्वलित कर मां गंगा की आराधना की गई। संघ के अध्यक्ष वेद तिवारी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मां गंगा की विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने गंगा आरती में भाग लेकर सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। भोजपुरी नवयुवक संघ की ओर से बताया गया कि संस्था प्रत्येक रविवार को नमकगोला घाट पर मां गंगा की भव्य आरती का आयोजन करती है। यह आरती वाराणसी से आए पंडितों द्वारा संध्या 5:30 बजे संपन्न कराई जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# उलूबेड़िया जूट मिल और नरेंद्रपुर फैक्ट्री में भीषण आगजनी

❑ **करोड़ों के नुकसान की आशंका**



**कोलकाता/हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य में मंगलवार की सुबह दो बड़े अग्निकांड की घटनाओं ने हड़कंप मचा दिया। हावड़ा के उलूबेड़िया स्थित एक जूट मिल और दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर इलाके में स्याही (काली) बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, दोनों घटनाओं में करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।

हावड़ा जिले के उलूबेड़िया के बाउड़िया स्थित नॉर्थ जूट मिल में सोमवार की देर रात आग लग गई। जानकारी के अनुसार, आग मिल के बी-1 और बेल गोदाम सेक्शन से शुरू हुई। सबसे पहले सुरक्षा कर्मियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन गोदाम में भारी मात्रा में जूट और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। करीब 10 घंटे की लगातार मशक्कत के बावजूद आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। मिल प्रबंधन के मुताबिक, इस अग्निकांड में कम से कम 40 करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका है। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट समेत अन्य कारणों को भी जांच के दायरे में रखा गया है।

वहीं, दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर इलाके में मंगलवार की सुबह एक स्याही (काली) बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री से उठती ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में प्रतिमा निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कई केमिकल्स और ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए थे, जिसकी वजह से आग तेजी से फैल गई। सूचना मिलने पर दमकल की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। दमकल अधिकारियों के अनुसार, फैक्ट्री में मौजूद रसायनों की वजह से आग पर काबू पाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

दोनों घटनाओं के बाद प्रशासन और दमकल विभाग ने आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल, किसी के घायल होने या जनहानि की खबर सामने नहीं आई है, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी बड़ा बताया जा रहा है।

# जून में बंगाल दौरे पर आएंगे अमित शाह, सीमा सुरक्षा और घुसपैठ रोकने को लेकर होगी बड़ी बैठक

❑ **भारत-बांग्लादेश सीमा का करेंगे निरीक्षण, बीएसएफ और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा**




**कोलकाता :** देश में अवैध घुसपैठ और सीमा सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार अब और अधिक सख्त रुख अपनाने जा रही है। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सीमावर्ती राज्यों में विशेष निगरानी अभियान शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इस अभियान के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जून महीने में पश्चिम बंगाल के दौरे पर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, उनका प्रस्तावित दौरा 15 जून को होने की संभावना है। बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा की मौजूदा स्थिति और घुसपैठ के मुद्दे को देखते हुए इस दौरे को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अपने दौरे के दौरान भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे किसी महत्वपूर्ण बीएसएफ पोस्ट का निरीक्षण कर सकते हैं। वहां वह सीमा पर तैनात जवानों से बातचीत करेंगे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे। सीमा पर निगरानी, अवैध घुसपैठ, तस्करी और सुरक्षा संबंधी अन्य मुद्दों पर भी अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री के दौरे को लेकर राज्य और केंद्रीय एजेंसियों के बीच तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। सीमा सुरक्षा बल, राज्य पुलिस, जिला प्रशासन और केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित किए जाने की योजना है। इस बैठक में सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील इलाकों की स्थिति, सीमा पार गतिविधियों और सुरक्षा समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा हो सकती है।

सूत्रों का कहना है कि हाल के दिनों में सीमा पार से अवैध घुसपैठ और तस्करी को लेकर केंद्र सरकार विशेष रूप से चिंतित है। इसी कारण सीमावर्ती राज्यों में सुरक्षा एजेंसियों को और अधिक सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। पश्चिम बंगाल की लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा को देखते हुए केंद्र सरकार यहां विशेष निगरानी व्यवस्था लागू करने पर जोर दे रही है।

## स्पीकर ने विपक्षी विधायकों को सम्मानजनक व्यवस्था देने का दिया आश्वासन

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में विपक्षी विधायकों के कमरों को लेकर चल रही खींचतान के बीच स्पीकर रथींद्र बोस ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्षी दल के विधायकों को सम्मान और गरिमा के साथ कमरे आवंटित किए जाएंगे। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि उन्हें किसी तरह की बुनियादी असुविधा का सामना न करना पड़े। मंगलवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान स्पीकर रथींद्र बोस ने कहा कि विपक्षी विधायकों के लिए बेहतर सुविधाओं के साथ कमरे तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अतीत में भाजपा विधायकों को विपक्ष में रहते हुए कई समस्याओं का सामना करना पड़ा था, लेकिन मौजूदा विपक्ष के साथ वैसा व्यवहार नहीं होगा। विधानसभा में विपक्षी दल के कमरों को लेकर हाल के दिनों में विवाद और असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। इस पर, स्पीकर ने कहा कि विपक्षी नेताओं का राजनीतिक अनुभव काफी लंबा है और उनकी गरिमा बनाए रखना विधानसभा की जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कमरों में बुनियादी सुविधाओं की कमी नहीं रहने दी जाएगी। भांगड़ से आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी को विधानसभा में अलग कमरा दिए जाने को लेकर भी चर्चा तेज है। इस मुद्दे पर स्पीकर रथींद्र बोस ने कहा कि यदि नौशाद सिद्दीकी अलग कमरे के लिए औपचारिक आवेदन करते हैं, तो उस पर विचार किया जाएगा। आगामी बजट सत्र में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। स्पीकर ने संकेत दिया है कि विधानसभा की कार्यवाही के लाइव टेलीकास्ट को लेकर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। अगर यह योजना लागू होती है, तो आम लोग सीधे देख सकेंगे कि उनके चुने हुए जनप्रतिनिधि सदन में किस तरह काम कर रहे हैं। यह कदम विधानसभा की कार्यवाही में पारदर्शिता बढ़ाने और जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से सीधे जोड़ने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

## 'बंगाल में केंद्रीय विज्ञान एवं नवाचार योजनाएं लागू होंगी', शुभेंदु से मिलकर बोले जितेंद्र सिंह

❑ **आर्सेनिक प्रभावित जिलों में विषाक्तता का वैज्ञानिक अध्ययन होगा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने कोलकाता में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ एक विस्तृत बैठक की, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि विज्ञान, अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप से संबंधित सभी प्रमुख केंद्रीय योजनाओं को राज्य में तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय महत्व के दो प्रमुख निर्णय भी लिए गए। इनमें सीएसआईआर संस्थानों के माध्यम से राज्य के प्रभावित जिलों में आर्सेनिक विषाक्तता पर एक विशेष अध्ययन शुरू करना और प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों, सरकारी मेडिकल कॉलेजों, कैंसर अस्पतालों तथा एम्स से जुड़े मेडिकल नेटवर्कों को शामिल करते हुए कैंसर और रोगाणुरोधी उपचारों पर सहयोगात्मक



नैदानिकऔर दवा परीक्षण-संबंधी अनुसंधान शुरू करना शामिल है। डॉ. सिंह ने कहा कि राज्य के पास एक मजबूत वैज्ञानिक और शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत आने वाले संस्थान पहले से ही पूरे राज्य में कार्यरत हैं और अनुसंधान के उन्नत क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में वैज्ञानिक अनुसंधान, नैदानिक परीक्षणों और अनुसंधान संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों तथा स्वास्थ्य सेवा नेटवर्कों को शामिल करते हुए नवाचार-आधारित सहयोग की भी अपार संभावनाएं हैं। चर्चाओं का एक प्रमुख केंद्र बिंदु राज्य के स्कूलों और कॉलेजों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की छात्र-केंद्रित और महिला-केंद्रित योजनाओं का कार्यान्वयन था। यह निर्णय लिया गया कि इंस्पायर, विज्ञान ज्योति, किरण योजनाओं का विस्तार किया जाएगा और उन्हें एक समन्वित तरीके से लागू किया जाएगा, ताकि वैज्ञानिक सोच, नवाचार और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में छात्रों और महिलाओं की भागीदारी को मजबूत किया जा सके। डॉ. सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक संस्थानों, शिक्षा जगत, स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के मेल से पूर्वी भारत में विज्ञान आधारित क्षेत्रीय विकास का एक नया मॉडल तैयार किया जा सकता है। इसके अलावा, यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यान्वयन का एक रोडमैप तैयार करने के लिए राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा केंद्रीय वैज्ञानिक मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करते हुए अगले कुछ दिनों के भीतर एक प्रारंभिक समन्वय बैठक बुलाई जाएगी।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर लिफ्ट की केबल टूटी, तीन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार की दोपहर डोमेस्टिक डिपार्चर एरिया में एक भीषण हादसा हो गया, जहां मेंटेनेंस (रखरखाव) के काम के दौरान अचानक लिफ्ट की केबल टूट गई और वह सीधे नीचे आ गिरी। इस जोरदार हादसे की चपेट में आने से वहां काम कर रहे तीन रखरखाव कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना के बाद से पूरे एयरपोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया है और वीआईपी सुरक्षा वाले इस परिसर की मेंटेनेंस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। चश्मदीदों और एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा दोपहर करीब 1 बजे डोमेस्टिक डिपार्चर के लिफ्ट नंबर 34 के पास हुआ। यह लिफ्ट पिछले कुछ दिनों से तकनीकी खराबी के कारण आम यात्रियों के लिए बंद थी और मंगलवार को इसके शाफ्ट में तीन कर्मचारी मरम्मत का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक लिफ्ट की लोहे की मजबूत केबल स्नैप कर गई (टूट गई) और लिफ्ट भारी दबाव के साथ सीधे नीचे आ गिरी। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट की रेस्क्यू टीम तुरंत हरकत में आई और मलबे से तीनों घायल कर्मचारियों को बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। फिलहाल, एयरपोर्ट प्रशासन ने लिफ्ट नंबर 34 के आसपास के पूरे इलाके को पूरी तरह घेर (कॉर्डन ऑफ) दिया है। अधिकारियों का कहना है कि हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है कि यह महज एक तकनीकी खराबी थी या फिर कर्मचारियों की सुरक्षा मानकों में कोई बड़ी चूक हुई थी।

## हाई कोर्ट ने तृणमूल नेता जहांगीर खान की अंतरिम सुरक्षा रद्द की

❑ **पुलिस अब उनके खिलाफ दर्ज मामलों की जांच कर सकेगी**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता जहांगीर खान को दी गई अंतरिम सुरक्षा मंगलवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि केवल राज्य में राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव और खान द्वारा लगाये गए राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप के आधार पर उन्हें सुरक्षा देना अनुचित होगा। न्यायमूर्ति सेन ने पुलिस की कठोर कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा बढ़ाने संबंधी खान के अनुरोध को खारिज कर दिया। अदालत ने 18 मई को अंतरिम सुरक्षा प्रदान की थी। अदालत ने निर्देश दिया कि गर्मी की छुट्टियों के बाद नियमित पीठ के समक्ष इस मामले की दोबारा सुनवाई की जाएगी। खान को दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध करते हुए, उनके वकील किशोर दत्ता ने अदालत के समक्ष दलील दी कि चार मई को आये विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद, राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में आये बदलाव के कारण खान के खिलाफ सात आपराधिक मामले दर्ज किये गए हैं। अपने मुवक्किल के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई किये जाने का आरोप लगाते हुए दत्ता ने कहा कि अंतरिम सुरक्षा न केवल खान की चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी के लिए थी, बल्कि उन्हें उत्पीड़न से बचाने के लिए भी थी। खान की याचिका का विरोध करते हुए, अतिरिक्त महाधिवक्ता राजदीप मजूमदार ने कहा कि यह सुरक्षा खान को 21 मई को फलता में हुए पुनर्मतदान में भाग लेने के लिए दी गई थी। परिणाम 24 मई को घोषित किया गया। अदालत ने अतिरिक्त महाधिवक्ता की इस दलील पर गौर किया कि एक अलग याचिका के संबंध में एक पीठ द्वारा खान को दी गई अंतरिम सुरक्षा भी मंगलवार को रद्द कर दी गई। सुनवाई के दौरान, अतिरिक्त महाधिवक्ता ने फलता थाने के प्रभारी निरीक्षक की एक रिपोर्ट पेश की, जिसमें कहा गया है कि खान के खिलाफ सात मामले दर्ज किये गए हैं। यह दलील दी गई कि आरोपों से प्रथम दृष्टया आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता या उकसावे का संकेत मिलता है। मजूमदार ने दलील दी कि हालांकि खान को पुनर्मतदान और चुनाव प्रचार में भाग लेने के लिए अंतरिम सुरक्षा प्राप्त थी, फिर भी उन्होंने अगले ही दिन सार्वजनिक रूप से चुनाव से अपना नाम वापस लेने की घोषणा कर दी थी।

## आर्थिक गड़बड़ी के आरोप में बदुरिया नगरपालिका के चेयरमैन गिरफ्तार

❑ **आरोपी के पास से 80 लाख रुपये नकद और सरकारी तिरपाल बरामद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बदुरिया नगरपालिका के चेयरमैन दीपंकर भट्टाचार्य को आर्थिक अनियमितता और सरकारी सामान के दुरुपयोग के आरोप में पुलिस ने सोमवार की रात गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह लंबे समय से फरार चल रहे थे और होटल में छिपे हुए थे। मंगलवार को उन्हें बशीरहाट महकमा अदालत में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार, बदुरिया नगरपालिका के 12 नंबर वार्ड स्थित दीपंकर भट्टाचार्य के घर के पास मौजूद पार्टी कार्यालय और एक सुनसान बागानबाड़ी से रविवार की रात बड़ी संख्या में सरकारी तिरपाल और जले हुए दस्तावेज बरामद किए गए। आरोप है कि चेयरमैन के घर के समीप स्थित नगरपालिका के कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर की चाबी भी उनके पास रहती थी। वहीं से करीब 80 लाख रुपये नकद बरामद होने की बात सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पार्टी कार्यालय से वैन में भरकर बड़ी संख्या में तिरपाल और लाठियां दूसरी जगह भेजी गईं। साथ ही, पार्टी कार्यालय के सामने दस्तावेजों के बंडलों को आग लगाकर नष्ट किया गया। रविवार की देर रात हुई इस घटना की सूचना पाकर बदुरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपित वहां से फरार हो गए। पुलिस ने पार्टी कार्यालय और पास के एक सुनसान बागानबाड़ी से भारी मात्रा में सरकारी तिरपाल सहित अन्य सामान बरामद किया। इस मामले में भाजपा की ओर से बादुरिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार की रात दीपंकर भट्टाचार्य को एक होटल से गिरफ्तार कर लिया।

## जगदीशपुर अस्पताल में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र घोटाले से हड़कंप, प्रशासन ने शुरू की सख्त कार्रवाई

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगदीशपुर ग्रामीण अस्पताल में कथित फर्जी जन्म प्रमाणपत्र घोटाले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य प्रशासन में हड़कंप मच गया है। अस्पताल के नाम पर जाली दस्तावेज तैयार कर सरकारी पोर्टल के माध्यम से असली जन्म प्रमाणपत्र हासिल करने के आरोपों ने पूरे स्वास्थ्य तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले के उजागर होने के बाद प्रशासन ने जांच तेज कर दी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, अस्पताल के नाम वाले पैड, नकली मुहर, फर्जी डिस्चार्ज सर्टिफिकेट और अन्य जाली चिकित्सा दस्तावेजों का इस्तेमाल कर जन्म प्रमाणपत्र जारी किए जाने का आरोप है। पासपोर्ट सत्यापन के दौरान कई संदिग्ध दस्तावेज सामने आने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। प्रारंभिक जांच में यह भी पाया गया कि जिन बच्चों के नाम पर प्रमाणपत्र जारी किए गए, उनमें से कई का अस्पताल के प्रसूति रजिस्टर में कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। मामले में स्थानीय दलालों, साइबर कैफे संचालकों और अस्पताल के कुछ अस्थायी कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक सौविक और भोला नामक दो कर्मचारियों के नाम भी जांच के दायरे में हैं।

इसी बीच सोमवार को शिबपुर के विधायक रुद्रनील घोष जगदीशपुर ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों, नर्सों, सीएमओएच तथा अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र के वातावरण को किसी भी कीमत पर दूषित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पहले जो भ्रष्टाचार और निष्क्रियता का माहौल बना था, उसे पूरी तरह समाप्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

हावड़ा के सीएमओएच किशलय दत्त ने भी स्पष्ट किया कि मामले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि 31 मई तक विभाग की ओर से जारी सभी प्रमाणपत्रों का सीआरएस और जन्ममित्र पोर्टल पर दोबारा सत्यापन किया जाएगा। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित प्रमाणपत्र तुरंत रद्द कर दिए जाएंगे। घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति भी देखने को मिली। आरोप है कि स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक स्वास्थ्यकर्मी के खिलाफ प्रदर्शन किया और उसके साथ धक्का-मुक्की की। इस पूरे घटनाक्रम ने सरकारी दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया और स्वास्थ्य प्रशासन की पारदर्शिता पर गंभीर बहस छेड़ दी है।

## परशुराम सेना के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक विजय ओझा से की शिष्टाचार मुलाकात



**कोलकाता, समाज्ञा :** परशुराम सेना पश्चिम बंगाल प्रदेश के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जोड़ासांको विधानसभा से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक विजय ओझा से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संगठन की ओर से उन्हें विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर विधायक बनने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। इस अवसर पर परशुराम सेना पश्चिम बंगाल प्रदेश के अध्यक्ष सुनील शुक्ल, उपाध्याय संतोष तिवारी, बबिता पाठक, सुशील पांडेय, संतोष शुक्ला, सुजाता पांडेय, नीरज शुक्ला, साधना मिश्रा, कैलाश उपाध्याय, राकेश गुप्ता, शैलेश पाण्डेय उपस्थित रहे। परशुराम सेना पश्चिम बंगाल प्रदेश के अध्यक्ष सुनील शुक्ल ने विजय ओझा से समाज व राष्ट्र हित सहित कुछ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी की।

## फुटपाथ पर सजा मंगलाहाट, खुली सड़कें, राहगीरों और वाहन चालकों ने ली राहत की सांस



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के ऐतिहासिक मंगलाहाट में मंगलवार को एक बदला हुआ दृश्य देखने को मिला। वर्षों से सड़क और फुटपाथ दोनों पर फैलने वाला यह विशाल साप्ताहिक बाजार पहली बार मुख्य रूप से फुटपाथों तक सीमित नजर आया। प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की नई व्यवस्था के बाद हावड़ा मैदान इलाके में यातायात व्यवस्था पहले की तुलना में काफी बेहतर दिखाई दी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। करीब सौ वर्ष पुराने इस मंगलाहाट में हर मंगलवार राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों व्यापारी और खरीदार पहुंचते हैं। सोमवार रात से ही बाजार सजना शुरू हो जाता है और सुबह चार बजे से कारोबार तेज हो जाता है। अब तक हावड़ा मैदान, महात्मा गांधी रोड, जीटी रोड, जिला अस्पताल और हावड़ा थाना के आसपास सड़क तक दुकानों के फैल जाने से भीषण जाम की स्थिति बन जाती थी। कई बार अस्पताल जाने वाली एंबुलेंसों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

इसी समस्या को देखते हुए हावड़ा सिटी पुलिस और जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाई। सोमवार को मंगलाहाट की विभिन्न व्यापारी समितियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिया गया कि दुकानदार अब सड़क पर नहीं, केवल फुटपाथ पर बैठकर कारोबार करेंगे। प्रशासन ने चेतावनी दी कि सड़क घेरकर व्यापार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

नई व्यवस्था का असर मंगलवार सुबह साफ दिखाई दिया। अधिकांश दुकानदारों ने रेलिंग के भीतर फुटपाथों पर अपनी दुकानें लगाईं, जिससे सड़कें काफी हद तक खाली रहीं और वाहनों की आवाजाही सामान्य बनी रही। ट्रैफिक पुलिस लगातार माइकिंग कर व्यापारियों से नियमों का पालन करने की अपील करती रही। हालांकि, कई व्यापारियों ने जगह कम पड़ने और ग्राहकों की संख्या घटने की शिकायत भी की। उनका कहना था कि अत्यधिक गर्मी और नई व्यवस्था के कारण बाहर से आने वाले खरीदार कम पहुंचे, जिससे बिक्री प्रभावित हुई। इसके बावजूद बड़ी संख्या में व्यापारियों ने माना कि नई व्यवस्था से अव्यवस्था और जाम की समस्या में कमी आई है। मंगलाहाट व्यापारी समिति के सचिव राजकुमार साहा ने कहा कि छोटे व्यापारियों को फुटपाथ पर बैठकर कारोबार जारी रखने की अनुमति देने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## तृणमूल में चुनाव बाद बढ़ी बेचैनी, तृणमूल सांसद सुखेंदु ने अराजकता पर चिंता जताई

**कोलकाता, समाज्ञा :** हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में टीएमसी की करारी हार के बाद पार्टी में चल रही उथल-पुथल के संकेत मंगलवार को और अधिक स्पष्ट हो गए, जब राज्यसभा के वरिष्ठ सदस्य सुखेन्दु शेखर रॉय ने पार्टी की दशा और दिशा को लेकर असहमति जताते हुए असहज सवाल उठाए। पार्टी के सबसे अनुभवी सांसदों में से एक रॉय ने 'एक्स' पर ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए पोस्ट किए, जिससे तीव्र राजनीतिक चर्चा शुरू हो गई और चुनावी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर बेचैनी के संकेत और बढ़ गए। रॉय ने 'एक्स' पर लिखा कि 44 ईसा पूर्व में, रोमन सम्राट जूलियस सीजर की सीनेट में मार्च के मध्य में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। रोमन पंचांग के अनुसार, मध्य का अर्थ आमतौर पर मार्च, मई, जुलाई और अक्टूबर की 15 तारीख होता था। लेकिन मई के मध्य से पहले ही, पश्चिम बंगाल के लोगों ने असहनीय अराजकता की स्थिति का अंत कर दिया। सांसद की इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई है कि क्या उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से राज्य में तृणमूल शाशन के दौरान अराजक स्थिति होने की बात स्वीकार की है। साथ ही यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व से उनकी दूरी बढ़ रही है।

## बांग्ला बाड़ी परियोजना के लाभार्थियों की पात्रता की होगी दोबारा जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार की ग्रामीण आवास योजना 'बांग्ला बाड़ी' के तहत लाभार्थियों की पात्रता जांच प्रक्रिया को लेकर नया नोटिफिकेशन जारी किया गया है। पंचायत एंड रुलर डवलेपमेंट विभाग के स्पेशल सेक्रेटरी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार, विभिन्न जिलों में लाभार्थियों की सूची का सत्यापन, पात्र एवं अपात्र लोगों की जांच तथा स्थायी प्रतीक्षा सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। सरकारी निर्देश के अनुसार, जिन परिवारों के नाम पहले से अस्थायी सूची में शामिल हैं, उनके दस्तावेज, आवास की स्थिति, आय तथा जमीन संबंधी जानकारी की जांच की जाएगी। जिन लाभार्थियों के पास पक्का मकान है या जो योजना की शर्तों को पूरा नहीं करते, उन्हें सूची से हटाया जा सकता है। वहीं, वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को अंतिम सूची में शामिल किया जाएगा। योजना के तहत मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, कच्चे मकान में रहने वाले लोग तथा राज्य के स्थायी निवासी पात्र माने जाएंगे। जिला प्रशासन एवं पंचायत स्तर पर सर्वे और फिजिकल वेरिफिकेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। सरकार की ओर से लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, बैंक खाता और जमीन से जुड़े दस्तावेज तैयार रखें ताकि जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो। पात्रता जांच पूरी होने के बाद अंतिम लाभार्थी सूची प्रकाशित की जाएगी।

## मुर्शिदाबाद स्थित 'निरुद्ध केंद्र' में तीन 'बांग्लादेशी घुसपैठिए' रखे गए

**मुर्शिदाबाद :** जिले में अवैध विदेशी नागरिकों के लिए हाल में बनाये गए निरुद्ध केंद्र में तीन संदिग्ध बांग्लादेशी घुसपैठियों को रखा गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिले के लालगोला स्थित निरुद्ध केंद्र अब चालू हो गया है और वहां कड़ी सुरक्षा के बीच तीन 'बांग्लादेशी नागरिकों' को रखा गया है। अधिकारी के अनुसार, इन तीनों ने सीमा कथित तौर पर अवैध तरीके से पार की थी और वे लालगोला में रह रहे थे। उन्हें रविवार को गिरफ्तार किया गया और बाद में निरुद्ध केंद्र भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि बंदियों से संबंधित आगे की कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया राज्य के गृह विभाग तथा केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से पूरी की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि लालगोला केंद्र पर चौबीस घंटे पुलिस बल तैनात किया गया है और बंदियों का विवरण पहले ही गृह विभाग को भेजा जा चुका है। यह केंद्र अस्थायी रूप से लालगोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर पंचायत कार्यालय के निकट स्थित 'पद्म भवन' की तीसरी मंजिल पर बनाया गया है।

# गंगा दशहरा पर रामकृष्णपुर घाट में भव्य गंगा आरती का आयोजन







**हावड़ा, समाज्ञा**

सम्मिलित सद्भावना संस्था की ओर से गंगा दशहरा के अवसर पर मंगलवार को हावड़ा के रामकृष्णपुर घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। संस्था पिछले 16 वर्षों से लगातार गंगा आरती का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजन को विशेष रूप से भव्य स्वरूप दिया गया। मुख्य गंगा आरती सुरेंद्र पाठक द्वारा की गई, जबकि भजन गायक नमामी शंकर ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हावड़ा के पुलिस कमिश्नर अखिलेश चतुर्वेदी, बाली के विधायक संजय सिंह, उद्योगपति रामरतन चौधरी, समाजसेवी हरिश जायसवाल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक परंपरा को मजबूत करने वाला कार्यक्रम बताया। इस कार्यक्रम को संस्था के अध्यक्ष विक्रांत दुबे, मनोज पांडेय तथा कार्यकारिणी सदस्य परमेश्वर सिंह, पंकज पांडेय, रामजी जायसवाल, श्री सहस्रार्जुन जयंती समारोह के अध्यक्ष विकास जायसवाल (डब्लू), रणवीर सिंह, अशोक शुक्ला, काली पांडेय और अजय पांडेय संस्था की शुरुआत से ही उससे जुड़े हुए हैं और लगातार आयोजन को सफल बनाने में योगदान दे रहे हैं।

### सरिस्का बाघ अभयारण्य में एनआईसी सेंटर स्थापित करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

**जयपुर:** वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की पशु कल्याण पहल 'द एनिमल केयर ऑर्गेनाइजेशन (टाको)' ने सरिस्का बाघ अभयारण्य में अग्निवेश अग्रवाल नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर (एनआईसी) स्थापित करने के लिए राजस्थान सरकार के साथ मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू पर वन मंत्री संजय शर्मा, वेदांता लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और वेदांता के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हस्ताक्षर हुए। प्रस्तावित नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण जागरूकता, पर्यावरण शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है, यह केंद्र आगंतुकों और स्थानीय समुदायों को जैव विविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी स्थिरता और वन्यजीव सुरक्षा को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा।

### राम के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर:** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले की देहात कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर भगवान राम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी व्यक्ति को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी (एसएचओ) एचएन सिंह ने बताया कि जितेन सचदेवा नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी गोविंद सरदार ने उसके फेसबुक अकाउंट पर भगवान राम को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने बताया कि सचदेवा की शिकायत के आधार पर देहात कोतवाली में आईटी अधिनियम के तहत गोविंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

### अलीगढ़ में 600 रुपये के विवाद में ऑटो-रिक्शा चालक की पीट-पीटकर हत्या

**अलीगढ़ (उप्र):** अलीगढ़ जिले में 600 रुपये के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक आटो रिक्शा चालक की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) आदित्य बंसल ने मंगलवार को बताया कि यह घटना सोमवार देर रात बन्नादेवी थाना क्षेत्र के तहत सरसोल पुलिस चौकी के पास हुई। उन्होंने बताया कि के मृतक की पहचान ऑटो रिक्शा चलाने वाले यामीन नामक व्यक्ति के रूप में हुई है। बंसल ने बताया कि यामीन अपना इलाज करने के लिए अस्पताल जा रहा था और उसने अपने पड़ोसी अनीस से उधार दिए गए 600 रुपये वापस मांगे थे। उन्होंने बताया कि इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा-सुनी हो गई, जिसके बाद अनीस और उसके दो अन्य साथियों ने कथित तौर पर यामीन और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक के मुताबिक परिवार के लोगों ने आरोप लगाया कि हमले के दौरान यामीन के सिर पर भी चोट लगी थी।

### बिहार : गंगा में नहाने गए तीन युवकों की डूबने से मौत, दो को बचाया गया

**पटना:** बिहार की राजधानी पटना में मंगलवार सुबह गंगा में नहाने गए तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना पटना में गांधी घाट के पास हुई। पटना जिला प्रशासन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सुबह करीब नौ बजे पांच लोग गंगा में स्नान करने गए थे, जिनमें से तीन लोग नदी में डूब गए, जबकि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और अन्य बचावकर्मियों ने दो अन्य को सुरक्षित निकाल लिया। बयान के अनुसार, आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजन को सौंप दिए गए। बयान में कहा गया है कि जिला प्रशासन ने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) समेत वरिष्ठ अधिकारियों को मृतकों के परिजन को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### गोरखपुर में रास्ता न देने पर बाइक सवार युवकों ने कार में आग लगाई

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गीडा थाना क्षेत्र में सोमवार रात संकरी गली में रास्ता देने को लेकर हुए विवाद के बाद बाइक सवार युवकों ने कार चालक से मारपीट की तथा उसके वाहन में आग लगा दी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना गीडा थाना क्षेत्र के नगवा गांव में रात करीब 10:15 बजे हुई। उसने बताया कि किराये की कार चलाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाला नंदन पांडेय घर लौट रहा था, तभी संकरी गली में बाइक सवार युवकों से रास्ता देने को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बहस बढ़ने पर आरोपियों ने नंदन को कार से बाहर खींचकर बुरी तरह से पीटा, वाहन के शीशे तोड़ दिए और उसमें आग लगा दी। उन्होंने बताया कि कुछ ही मिनटों में कार धू-धू कर जलने लगी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

# पिछली सरकारों के 'पाप के गड्ढे' भरे, 'भ्रष्टाचार का कूड़ा' साफ किया : योगी


गंगा दशहरा के अवसर पर प्रयागराज में गंगा आरती करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार को राज्य की पिछली सरकारों के पाप के गड्ढों को भरने और भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय लगा। योगी ने नगर निगमों के महापौरों के अपने कार्यकाल के तीन साल पूरे करने के मौके पर 413 करोड़ रुपये की 342 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ' पुस्तिका का विमोचन भी किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, योगी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने पहली बार प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महापौर चुने, जिसकी बदौलत इन निकायों ने विकास और स्वच्छता के नये प्रतिमान स्थापित किए। उन्होंने कहा, हमें पिछली सरकारों के 'पाप के गड्ढे' भरने और 'भ्रष्टाचार का कूड़ा' साफ करने में समय लगा। विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। हम केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन तथा लगभग 14,000 पार्षदों को तीन साल का कार्यकाल पूरा करने पर शुभकामनाएं दीं। योगी ने कहा, स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ को देश में तीसरा स्थान मिला है। हमें शहर को पहले स्थान पर लाना है। यह सिर्फ महापौर, पार्षद या सफाई कर्मचारी की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। घर का कूड़ा कूड़ेदान में डालें, गीला-सूखा कूड़ा अलग करें और एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। उन्होंने कहा, जहां 30 वर्षों तक कूड़ा फेंका जाता था, वहां अब राष्ट्र प्रेरणा स्थल बनाया गया है। वहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर, मेट्रो और सभी जन-सुविधाएं उपलब्ध हैं। योगी ने कहा कि 2017 से पहले सपा सरकार में गरीबों के लिए मकान स्वीकृत नहीं होते थे। उन्होंने कहा, हमने जाति, क्षेत्र, मत-मजहब देखे बिना गरीब, युवा, महिला और किसान को केंद्र में रखकर काम किया। शहरी-ग्रामीण क्षेत्र में 65 लाख से अधिक गरीबों को आवास दिए। सपा सरकार में योजनाओं का लाभ चुनिंदा परिवारों को मिलता था, जबकि 'डबल इंजन' सरकार ने 25 करोड़ प्रदेशवासियों को अपना परिवार माना।


गंगा दशहरा के अवसर पर वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि द्वारा आयोजित महा गंगा आरती करते पुजारी।

## ज्ञान भारतम मिशन में बिहार अव्वल, एक हजार पांडुलिपि सर्वेक्षण पूरे किए

**पटना:** ज्ञान भारतम मिशन के तहत देशभर में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण करने के मामले में बिहार पहले स्थान पर है। देशभर में अब तक हुए कुल 5,500 सर्वेक्षणों में से बिहार ने अकेले 1,000 सर्वेक्षण पूरे कर यह उपलब्धि हासिल की है। राज्य के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कुमार ने कहा कि बिहार ने अपनी पौराणिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के आधार पर देश में विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और अधिक मजबूत करेगा। कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने इस तरह के कार्यों के लिए वर्ष 1950 के दशक में स्थापित दो ऐतिहासिक संस्थानों-काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान और वैशाली स्थित प्राकृत जैन शोध संस्थान-को कला एवं संस्कृति विभाग के अधीन लाने के लिए मंत्रिपरिषद की मंजूरी हासिल की थी। मंत्री ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन को सफल बनाने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अधिकारियों और विशेषज्ञों की राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया, साथ ही राज्य के सभी 38 जिलों में जिलाधिकारियों के नेतृत्व में जिला स्तरीय समितियां भी बनाई गईं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के परिणामस्वरूप राज्य के सभी जिलों में पंचायत और प्रखंड स्तर तक सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। सर्वेक्षण कार्य 16 मार्च 2026 को शुरू हुआ था, जो 15 जून 2026 तक पूरा होगा। देशभर में अब तक 85 लाख से अधिक पांडुलिपियों की पहचान की जा चुकी है, जबकि बिहार में आठ लाख से अधिक पांडुलिपियां चिह्नित की गई हैं।

## भागलपुर में आंधी, बारिश के दौरान पांच लोगों की मौत



**भागलपुर:** बिहार के भागलपुर जिले में भारी बारिश और आंधी के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भागलपुर में सोमवार रात तेज आंधी आई और भारी बारिश हुई, जिसके कारण पांच लोगों की जान चली गई। भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि सभी मृतकों के परिजन को निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आंधी-बारिश के कारण सैकड़ों पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा और कई पेड़ बिजली लाइनों पर गिर गए, जिससे विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है। जिलाधिकारी ने कहा, कई जगहों पर बिजली ग्रिड को चालू कर दिया गया है और बाकी स्थानों पर भी आपूर्ति बहाल करने के प्रयास जारी हैं। जल्द ही सभी ग्रिड सामान्य रूप से काम करने लगेंगे।

## संभल में शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को



**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले में कार्यवाही पर रोक के उच्चतम न्यायालय के आदेश के मद्देनजर चंदौसी की एक अदालत ने मंगलवार को सुनवाई 21 जुलाई तक टाल दी। यह मामला मंगलवार को चंदौसी स्थित सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह की अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था। शाही जामा मस्जिद पक्ष के वकील शकील अहमद वारसी ने संवाददाताओं को बताया कि इस मामले की सुनवाई मंगलवार को होनी थी, लेकिन कार्यवाही पर रोक के उच्चतम न्यायालय के आदेश के चलते मामला 21 जलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया। अधिवक्ता हरि शंकर जैन और विष्णु शंकर जैन सहित हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ताओं ने 19 नवंबर 2024 को संभल जिला अदालत में एक मुकदमा दायर किया, जिसमें दावा किया गया कि शाही जामा मस्जिद एक मंदिर के ऊपर बनाई गई थी। मुस्लिम पक्ष ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मामले की वैधता को चुनौती दी, लेकिन 19 मई 2025 को उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें अदालत की निगरानी में परिसर में सर्वेक्षण की अनुमति दी गई थी। हिंदू पक्ष के वकील श्रीगोपाल शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि चूंकि इस मामले में कार्यवाही पर सर्वोच्च न्यायालय का स्थगन आदेश है, इसलिए निचली अदालत कोई भी आदेश जारी नहीं कर सकती है। अदालत के आदेशानुसार 19 नवंबर 2025 को विवादित ढांचे का सर्वेक्षण किया गया था। 24 नवंबर को टीम फिर सर्वेक्षण के लिए परिसर पहुंची, तो वहां हिंसा भड़क उठी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 29 पुलिसकर्मियों सहित बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए।

## न्यूज अपडेट

### बिहार : पर्यटन स्थलों की पहचान के लिए सरकारी अधिकारी 'अनिवार्य अवकाश' पर जाएंगे

**पटना:** बिहार सरकार ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को हर तीन महीने में परिवार के साथ दो दिन के पर्यटन भ्रमण पर भेजने का फैसला किया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने गृह जिले से बाहर स्थित पर्यटन, इको-टूरिज्म और ग्रामीण पर्यटन स्थलों का दौरा करेंगे और कम से कम तीन स्थानों का भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य राज्य के पर्यटन स्थलों की पहचान कर उनके विकास के लिए सुझाव जुटाना है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को भ्रमण के दौरान पर्यटन स्थलों की जानकारी, फोटो और अपने अनुभवों की रिपोर्ट तैयार कर संबंधित कार्यालयों में जमा करनी होगी। इसके लिए हर विभाग और जिला स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जाएंगे। निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि यात्रा के दौरान कोई सरकारी समीक्षा बैठक या निरीक्षण नहीं किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा मिलेगा। यात्रा अवधि को सरकारी कार्य अवधि माना जाएगा।

### झारखंड के रामगढ़ में हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

रामगढ़, 26 मई (भाषा) झारखंड के रामगढ़ जिले में एक गिरोह के छह सदस्यों को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार को पतरातू थाना क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थानों पर छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि गिरोह के सदस्य रंगदारी वसूलने के लिए स्थानीय औद्योगिक इकाई में किसी बड़ी विघटनकारी गतिविधि को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मुकेश कुमार लुनायत ने बताया, गोपनीय सूचना मिलने के बाद हमने छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर कोयला क्षेत्र और औद्योगिक परिसर में सक्रिय गैंगस्टर राहुल दुबे के गिरोह से जुड़े हैं। पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्तौल, दो मैगजीन, 34 कारतूस, तीन मोटरसाइकिल और छह एंड्रॉइड मोबाइल फोन जब्त किए हैं। एसपी ने बताया कि ये बदमाश पहले भी इलाके में गोलीबारी की कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। उन्होंने पतरातू में रेलवे फ्लाईओवर निर्माण स्थल, एक डेयरी फार्म और एक सीमेंट कारखाने में हुई गोलीबारी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

### मऊ में विधायक अब्बास अंसारी की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी निलंबित

**मऊ:** उत्तर प्रदेश के मऊ सदर क्षेत्र से विधायक अब्बास अंसारी की सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी को लापरवाही और विभागीय अनुशासनहीनता के आरोप में मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक (एसपी) कमलेश बहादुर ने कांस्टेबल उपेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनूप कुमार ने बताया कि विधायक की सुरक्षा के लिए गनर तैनात किया गया था और जांच में सामने आया कि संबंधित पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान बिना अनुमति जिले से बाहर चला गया और इसकी सूचना भी विभाग को नहीं दी। कुमार ने कहा, पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान बिना अनुमति के तैनाती वाला स्थान छोड़ना गंभीर अनुशासनहीनता माना जाता है। सुरक्षा में तैनात कर्मी का इस तरह ड्यूटी छोड़ना घोर लापरवाही है। उन्होंने कहा कि मामला सामने आने के बाद तत्काल कार्रवाई की गई और विधायक की सुरक्षा के लिए दूसरा गनर तैनात कर दिया गया है। अब्बास अंसारी ने 2022 का विधानसभा चुनाव सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के टिकट पर जीता था। सुभासपा ने 2022 का चुनाव समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ गठबंधन में लड़ा था।

## राजद की पूर्व नेता रितु जायसवाल भाजपा में शामिल



### तेजस्वी की कार्यशैली पर नाखुशी जताई

**पटना:** बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के महिला प्रकोष्ठ की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। पटना में प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। भाजपा में शामिल होने के बाद रितु ने कहा कि वह बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की कार्यशैली से नाखुश थीं और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। शपथ ग्रहण के दौरान भाजपा का नाम लेते समय रितु की जुबान लड़खड़ा गई, जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें आगे बोलने का संकेत दिया। बाद में स्वागत भाषण के दौरान सरावगी की भी जुबान फिसल गई और उन्होंने गलती से कह दिया कि रितु राजद में शामिल हुई हैं। हालांकि, सरावगी ने तत्काल अपनी बात सुधारते हुए रितु के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की बात कही। रितु ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आने वाले समय में उनके पुराने वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की जा सकती है, लेकिन वह इससे भयभीत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह कभी बागी नहीं रहीं, बल्कि परिहार विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें समर्थन दिया था और निर्दलीय चुनाव लड़ने पर भी उन्हें 65 हजार मत मिले थे। रितु ने केंद्र सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्र को सर्वोपरि मानती है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम छोर तक पहुंच रही हैं। रितु ने कहा कि इन्हीं कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा का हिस्सा बनने का फैसला किया। राजद और तेजस्वी से जुड़े सवालों पर रितु ने कहा कि पार्टी में रोहिणी आचार्य के साथ हुए व्यवहार को सभी ने देखा है। उन्होंने कहा कि जब परिवार के भीतर ऐसा हो सकता है, तो वह तो केवल मुंहबोली बहन थीं।

## राजस्थान में मानव तस्करों ने झारखंड की महिला को तीन लाख रुपये में बेचा, पुलिस ने बचाया



**रांची:** झारखंड पुलिस ने राजस्थान में कथित तौर पर तीन लाख रुपए में बेची गई सिमडेगा की 22 वर्षीय महिला को बचा लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सिमडेगा जिले के कुरडेग थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला को पड़ोसी गांव का एक व्यक्ति नौकरी दिलाने का वादा कर 2023 में दिल्ली ले गया था। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) रणवीर सिंह ने बताया कि महिला को शुरुआत में दिल्ली में एक प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए घरेलू सहायिका के रूप में काम पर रखा गया था लेकिन वह कुछ दिनों बाद उस घर से भाग गई। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'जब वह दिल्ली में आनंद विहार बस अड्डे के पास भटक रही थी, तभी मेरठ का एक दंपति उसे अपने साथ ले गया। बाद में दंपति ने उसे भारत-पाकिस्तान सीमा के पास बाड़मेर में एक परिवार को तीन लाख रुपये में बेच दिया।' पुलिस ने कहा कि महिला को उस परिवार के हाथों कथित तौर पर बार-बार प्रताड़ना का सामना करना पड़ा और इस दौरान उसने एक बच्चे को भी जन्म दिया।

# राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी, श्रीगंगानगर 47 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म स्थान



**जयपुर:** राजस्थान को मंगलवार को भी भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा और श्रीगंगानगर 47 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि बीकानेर और फलौदी में तापमान 46-46 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि जैसलमेर में पारा 45.6 डिग्री सेल्सियस, कोटा में 45.4 डिग्री सेल्सियस और राजधानी जयपुर में 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक, राजस्थान के ज्यादातर प्रमुख शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। मौसम विभाग के जयपुर केंद्र के अनुसार, राज्य में लू और गर्म रातों का दौर अगले दो-तीन दिन तक जारी रहने का अनुमान है तथा इस दौरान ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। विभाग ने कहा कि बीकानेर, कोटा संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान 46-47 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। विभाग के मुताबिक, एक नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 28 मई से राज्य के कुछ हिस्सों में आंधी-बारिश की गतिविधियां शुरू हो सकती हैं। उसने कहा कि आंधी-बारिश की गतिविधियों में 30 मई से और वृद्धि होने तथा कुछ हिस्सों में जून के पहले हफ्ते में भी जारी रहने का अनुमान है।

### 47.4 डिग्री तापमान के साथ बांदा सबसे गर्म स्थान, लखनऊ में पार 42.9 डिग्री पर पहुंचा

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में बांदा मंगलवार को भी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.8 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि राजधानी लखनऊ में मंगलवार को अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक, औराई में अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस, झांसी में 45.5 डिग्री सेल्सियस, प्रयागराज में 45.4 डिग्री सेल्सियस, आगरा में 45.3 डिग्री सेल्सियस और हमीरपुर में 45.2 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग ने चेतावनी दी कि पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में दिन के समय में लू से लेकर भीषण लू चलने की प्रबल आशंका है। उसने कहा कि राज्य के कुछ इलाकों में रातें भी बेहद गर्म रहने का अनुमान है।

# उत्तर प्रदेश सरकार को होमस्टे नीति के तहत 3,000 से ज्यादा आवेदन मिले




**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार को 2025 में शुरू की गई अपनी 'बेड एंड ब्रेकफास्ट और होमस्टे नीति' के तहत 3,000 से अधिक आवेदन मिले हैं और अब तक लगभग 900 होमस्टे तथा फार्मस्टे पंजीकृत कराए जा चुके हैं। राज्य सरकार की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, पर्यटन विभाग ने बताया है कि यह नीति अयोध्या, वाराणसी, मथुरा-वृंदावन और आगरा जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों पर पर्यटकों की बढ़ती संख्या के बीच, किफायती आवास की मांग को पूरा करने के लिए शुरू की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि साल 2026 की शुरुआत से इस नीति के तहत आवेदनों में खासी वृद्धि हुई है और यह पर्यटन से जुड़े व्यवसायों में बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है। बयान के अनुसार, वाराणसी, मथुरा, आगरा, अयोध्या, प्रयागराज और लखनऊ में शहरी होमस्टे और फार्मस्टे की स्थापना में उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिल रही है, जबकि बुंदेलखंड क्षेत्र विशेष रूप से बांदा, हमीरपुर, महोबा और झांसी में ग्रामीण होमस्टे की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बयान में कहा गया है कि बाराबंकी, बहराइच, पीलीभीत और लखीमपुर जैसे जिले भी ग्रामीण पर्यटन स्थलों के रूप में उभर रहे हैं। सरकार ने बताया कि यह नीति स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा कर रही है, जिसमें परिवार अपने खाली कमरों को आवासीय इकाइयों में बदल रहे हैं और इस मॉडल से सेवानिवृत्त लोगों, महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे घरों और उन परिवारों को फायदा हो रहा है, जिनके पास इस्तेमाल न होने वाली आवासीय संपत्तियां हैं।

# क्वाड का हिंद-प्रशांत पर बड़ा दांव, ऊर्जा सुरक्षा और समुद्री निगरानी पर नई पहल

## हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच क्वाड का रणनीतिक संदेश

**ऊर्जा सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, बंदरगाह ढांचे और समुद्री सहयोग को मजबूत करने पर सहमति**



**नयी दिल्ली :** चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देते हुए ऊर्जा सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति शृंखला, समुद्री निगरानी और बंदरगाह अवसंरचना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में हुई क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष राजनयिक शामिल हुए।बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में बढ़ती आक्रामक गतिविधियों पर गंभीर चिंता जताई गई। हालांकि बयान में चीन का नाम नहीं लिया गया, लेकिन ''दबावपूर्ण कार्रवाइयों'', ''मनमाने निर्यात प्रतिबंध'' और ''आर्थिक दबाव'' जैसे शब्दों को बीजिंग की नीतियों पर परोक्ष टिप्पणी माना जा रहा है।क्वाड ने हिंद-प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा ढांचे की घोषणा करते हुए रणनीतिक ईंधन भंडार, समन्वित आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र और नीतिगत सहयोग के जरिए आपूर्ति शृंखला में व्यवधानों से निपटने की योजना बनाई है। यह पहल ऐसे समय आई है जब होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और बड़ी मात्रा में एलएनजी का कारोबार इसी मार्ग से होता है।समूह ने महत्वपूर्ण खनिज सहयोग ढांचे के तहत सार्वजनिक और निजी निवेश के जरिए 20 अरब डॉलर तक जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, ड्रोन और अन्य उन्नत तकनीकों के लिए जरूरी दुर्लभ खनिजों की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करना है। वर्तमान में इन खनिजों के वैश्विक खनन में चीन की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है।क्वाड देशों ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री निगरानी बढ़ाने और प्रशांत द्वीपीय देशों में बंदरगाह अवसंरचना विकसित करने की भी घोषणा की। इस क्रम में फिजी के बंदरगाह ढांचे के विकास के लिए संयुक्त परियोजना शुरू की जाएगी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र से वैश्विक समुद्री व्यापार का 60 प्रतिशत गुजरता है, इसलिए समुद्री सुरक्षा सभी देशों के लिए अहम है।विदेश मंत्रियों ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा करते हुए पहलगाम और ऑस्ट्रेलिया के बांडी बीच हमलों का उल्लेख किया। वहीं, अगले क्वाड शिखर सम्मेलन की तारीख पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है, जबकि इसकी मेजबानी इस बार भारत को करनी है।

### दिल्ली सरकार ने ईद पर जानवरों की बिक्री और कुर्बानी की निगरानी के लिए टीमें गठित की

**नयी दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने ईद-उल-अजहा से पहले राष्ट्रीय राजधानी के सभी 13 जिलों में त्वरित प्रतिक्रिया दल गठित किए हैं, जिनका उद्देश्य पशुओं के परिवहन, बिक्री और कुर्बानी पर नजर रखना और पशु कल्याण नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। एक बयान के अनुसार, विकास मंत्री कपिल मिश्रा के निर्देश पर पशुपालन इकाई के तहत गठित इन टीमों ने मंगलवार को उत्तर-पश्चिम, उत्तर-पूर्व, उत्तर, मध्य, दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम दिल्ली के कई क्षेत्रों और बाजारों का निरीक्षण किया। बयान के अनुसार, टीमों को निर्धारित दिशानिर्देशों के उल्लंघन के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने का दायित्व सौंपा गया है। मिश्रा ने कहा कि सरकार 28 मई को बकरीद के त्योहार के दौरान पशु कल्याण कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेगी।

### वायु सेना ने गेट अंक के आधार पर तकनीकी शाखा में भर्ती की योजना शुरू की

**नयी दिल्ली:** भारतीय वायु सेना ने एक योजना शुरू की है जिसके तहत योग्य उम्मीदवार अपने गेट अंक के आधार पर वायुसेना की तकनीकी शाखा (अधिकारी कैडर) में भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया, योग्य उम्मीदवार अपनी पसंद के अनुसार, वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा (एएफसीएटी) और इंजीनियरिंग में स्नातक योग्यता परीक्षा (गेट) दोनों के अंक के आधार पर तकनीकी शाखा के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिससे उन्हें अधिकतम लचीलापन प्राप्त होगा। उसने कहा कि इस योजना के माध्यम से उम्मीदवारों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाएगा, जिससे प्रभावी रूप से इन उम्मीदवारों को एएफसीएटी जैसी प्रारंभिक लिखित परीक्षा से छूट मिल जाएगी। मंत्रालय ने कहा, भारतीय वायु सेना तकनीकी शाखा (अधिकारी कैडर) में भर्ती के लिए एक योजना शुरू करने की घोषणा करती है, जिसके तहत पात्र उम्मीदवार इंजीनियरिंग में स्नातक योग्यता परीक्षा (गेट) के अंकों के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। इस नई पहल के तहत, वैध गेट अंक रखने वाले उम्मीदवार वायु सेना चयन बोर्ड (एएफएसबी) में परीक्षण के लिए सीधे छांटे जाने के लिये पात्र होंगे।

### भाजपा नेता अन्नामलाई ने सीबीएसई के तीन-भाषा नियम को वापस लेने की मांग की

**चेन्नई:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता के. अन्नामलाई ने मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से कक्षा नौ के छात्रों के लिए तीन भाषाओं को अनिवार्य बनाने वाली हालिया अधिसूचना को वापस लेने का आग्रह किया। अन्नामलाई ने मंत्रालय से आग्रह किया कि वह वर्ष 2029-30 शैक्षणिक वर्ष से तीन भाषाएं (जिनमें से दो भारतीय भाषाएं हों) शुरू करने की अपनी पूर्व प्रतिबद्धता पर कायम रहे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 15 मई, 2026 को सभी संबद्ध विद्यालयों को एक अधिसूचना जारी कर वर्तमान शैक्षणिक वर्ष से कक्षा नौ के छात्रों के लिए तीसरी अनिवार्य भाषा शुरू करने की घोषणा की, जो पूर्व में 2029-30 सत्र से लागू किये जाने की निर्धारित समय सीमा से काफी पहले है। उन्होंने कहा, ''यह कई अभिभावकों, विशेषकर तमिलनाडु के अभिभावकों के लिए एक झटका है, क्योंकि उनके बच्चों ने कक्षा छठी में ही अपनी पसंद की भाषा चुन ली थी। संशोधित अधिसूचना के अनुसार, कक्षा नौ के छात्रों को एक जुलाई, 2026 से तीन भाषाएं सीखनी होंगी, जिनमें से दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। इतने कम समय में कक्षा नौ के छात्र से एक नई भाषा सीखने की अपेक्षा करना बच्चों पर दबाव डालेगा और उनके समग्र पठन-पाठन के परिणाम को प्रभावित करेगा।'

### उच्चतम न्यायालय ने 1983 के हत्या मामले में दोषसिद्धि को बरकरार रखा

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने 1983 में बिहार में पांच लोगों की हत्या के मामले में दोषियों की सजा को बरकरार रखते हुए मंगलवार को कहा कि इस घटना की क्रूरता 'न्यायिक अंतरात्मा को झकझोर देती है।' न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि निचली अदालत के साथ-साथ पटना उच्च न्यायालय ने भी सही कहा है कि इस मामले में ''अनुचित सहानुभूति या नरमी'' की कोई गुंजाइश नहीं है। शीर्ष अदालत ने पटना उच्च न्यायालय के अगस्त 2017 के फैसले को चुनौती देने वाले दोषियों की अपील पर अपना फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा इन दोषियों को दी गई सजा और आजीवन कारावास को बरकरार रखा था। न्यायालय ने उल्लेख किया कि यह घटना मार्च 1983 में मुजफ्फरपुर जिले के एक गांव में हुई थी, जहां कम से कम 58 लोगों की भीड़ ने चंद्र शेखर चौधरी के घर में आग लगा दी थी, जिसके बाद पांच लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई और कई अन्य घायल हो गए।

## एआई-171 विमान हादसे में क्षतिग्रस्त हॉस्टल का पुनर्निर्माण करेगी गुजरात सरकार

**अहमदाबाद :** गुजरात सरकार ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल एआई-171 एयर इंडिया विमान दुर्घटना में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए बी जे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल परिसर का पुनर्निर्माण किया जाएगा। हालांकि, कुछ पीड़ितों के परिवार चाहते हैं कि इस जगह को एक स्मारक के रूप में सुरक्षित रखा जाए। स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पानशेरिया ने बताया कि सरकार इसी स्थान पर लगभग 105 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक नया अत्याधुनिक हॉस्टल तैयार करेगी। एक सौ पंद्रह पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक लॉ फर्म द्वारा साझा किए गए ई-मेल में परिजनों ने इस स्थान के प्रति गहरा भावनात्मक लगाव व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, हमारे लिए यह जगह सिर्फ जमीन का टुकड़ा या बुनियादी ढांचा नहीं है, बल्कि यह हमारे अपनों के जीवन, यादों, दुख और कभी न पूरी होने वाली क्षति से जुड़ा स्थान है। इस स्थल पर स्मारक बनने से न केवल परिवारों को सांत्वना मिलेगी, बल्कि यह खोई हुई जानों और सार्वजनिक जवाबदेही व सुरक्षा के महत्व की एक स्थायी स्वीकारोक्ति भी होगी। पुनर्विकास योजना की घोषणा करते हुए मंत्री पानशेरिया ने कहा कि एयर इंडिया की मालिक टाटा समूह ने सिविल अस्पताल के पास स्थित 'अतुल्यम' एक से चार हॉस्टल ब्लॉक, कैंटीन और सब-स्टेशन भवन को हुए नुकसान के मुआवजे के रूप में स्वास्थ्य विभाग को 53.12 करोड़ रुपये का भुगतान करने पर सहमति जताई है।

## गुजरात के गिर में पांच शेरों की मौत, दो की जान बेबेशिया वायरस के संक्रमण से जाने का संदेह



**अहमदाबाद:** गुजरात के गिर वन क्षेत्र में पांच शेरों की मौत की बात सामने आई है, जिनमें दो शावकों की जान बेबेशिया वायरस के संक्रमण के कारण जाने का संदेह है, जबकि तीन अन्य शेर ने प्राकृतिक कारणों और आपसी संघर्ष की घटनाओं में दम तोड़ दिया। राज्य के वन मंत्री अर्जुन मोधवाडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, मोधवाडिया ने गिर के जंगलों में किसी बड़ी महामारी या बीमारी के प्रकोप की आशंका से इनकार किया। गिर के जंगल दुनिया में एशियाई शेरों का एकमात्र प्राकृतिक निवास स्थान रह गए हैं। मोधवाडिया ने एक बयान में कहा, कुछ खबरों में शेरों की मौत बेबेशिया वायरस के संक्रमण से होने का दावा किया गया है, लेकिन केवल दो शेरों की जान जाने के पीछे इस संक्रमण का होने का संदेह है। बाकी (तीन) शेरों की मौत आपसी लड़ाई या अन्य कारणों से हुई। मंत्री ने बताया कि बेबेशिया वायरस किलनी (टिक) नामक कीड़े के जरिये फैलता है और इससे संक्रमित जानवरों में कमजोरी, खांसी और नाक बहने जैसे लक्षण उभर सकते हैं।

## भारतीय अनुसंधानकर्ता ने हाल में खोजी गई आकाशगंगा संरचना का नाम मणिपुर की 'लोकटक' झील के नाम पर रखा



**इंफाल:** जापान में रहने वाले एक भारतीय अनुसंधानकर्ता ने हाल में खोजी गई विशाल आकाशगंगा संरचना का नाम मणिपुर की 'लोकटक' झील के नाम पर रखा है, जिसका उद्देश्य ब्रह्मांड में पूर्वोत्तर राज्य की पहचान को ''अमर'' करना है। राष्ट्रीय खगोल वेधशाला, जापान में 'पोस्टडॉक्टोरल' अनुसंधानकर्ता के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने वाले डॉ. रोनाल्डो लैशराम ने कहा कि इस संरचना का अध्ययन हवाई में स्थित 'सुबारू टेलीस्कोप' और 'जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप' का उपयोग करके किया गया। उन्होंने पीटीआई-भाषा से फोन पर कहा, 'यह अध्ययन, जो एक व्यापक अनुसंधान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में अक्टूबर 2024 के आसपास शुरू हुआ था, इस महीने 'एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स' में प्रकाशित हुआ।' लैशराम ने कहा कि लोकटक झील के नाम पर संरचना का नाम रखने का विचार उन्हें खोज के तुरंत बाद आया था। उन्होंने कहा, जब मैंने इसे पहली बार देखा, तो सबसे पहले मेरे मन में अपने गृह राज्य मणिपुर के लिए कुछ करने का विचार आया। लोकटक मणिपुर का दर्पण और जीवनरेखा है।

## ओडिशा के कालाहांडी में निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक के अंदर गए छह लोगों की दम घुटने से मौत



**भुवनेश्वर/भवानीपटना:** ओडिशा के कालाहांडी जिले में मंगलवार को सेप्टिक टैंक के निर्माण के दौरान उसके अंदर गए कम से कम छह लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मदनपुर-रामपुर पुलिस थाना क्षेत्र के गौड़ा कारलाखुंटा गांव में हुई इस घटना में एक व्यक्ति बीमार भी पड़ गया। उन्होंने बताया कि सभी को मदनपुर रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने छह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में तीन राजमिस्त्री, एक मजदूर, सेप्टिक टैंक का निर्माण कर रहे बिल्डर और उनका बेटा शामिल है। अधिकारी ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित काम के लिए सेप्टिक टैंक का एक हिस्सा खोला और बिल्डर दुर्घटनावश उसके अंदर गिर गया। उन्होंने बताया कि उन्हें बचाने के लिए अन्य लोग टैंक के अंदर घुसे। मृतकों की पहचान निमाई पाल (48) और उनके बेटे आकाश पाल (28), अदल माझी (55), मनोरंजन हाती (27), छंदा जल (32) और बिपुल जल (30) के रूप में की गई।

## 'पद्म विभूषण' धर्मेंद्र ने भारत की आत्मा, भावनाओं और परंपराओं का प्रतिनिधित्व किया : हेमा



**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मथुरा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने पति धर्मेंद्र को मरणोपरांत दिए गए 'पद्म विभूषण' सम्मान को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान की निशानी करार दिया। बॉलीवुड के बेहद शानदार अभिनेताओं में शुमार धर्मेंद्र का पिछले साल नवंबर में 89 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में मरणोपरांत देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी हेमा मालिनी ने यह सम्मान ग्रहण किया। हेमा ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अपने पति को मिले 'पद्म विभूषण' सम्मान को ग्रहण करने के पल को बेहद भावुक बताया। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र ने भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व किया। हेमा ने कहा कि धर्मेंद्र एक बहुमुखी अभिनेता, एक अनुकरणीय इंसान और एक मार्गदर्शक थे। उन्होंने कहा, वह सिर्फ एक महान अभिनेता ही नहीं, बल्कि अपने आप में एक संस्था थे। हेमा ने कहा कि छह दशक से अधिक के शानदार करियर के दौरान धर्मेंद्र ने अपने कालजयी अभिनय, सादगी, गरिमा और गहरे सांस्कृतिक मूल्यों के माध्यम से लोगों के जीवन को छुआ। उन्होंने कहा कि वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें कई यादगार फिल्मों में धर्मेंद्र के साथ काम करने का मौका मिला और बाद में वह उनकी जीवनसंगिनी बनीं। हेमा ने कहा, वह एक प्रेम करने वाले और ख्याल रखने वाले पति, एक स्नेहपूर्ण पिता और दादा, तथा एक सच्चे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। धरम सिंह देओल उर्फ धर्मेंद्र का जन्म वर्ष 1935 में पंजाब में हुआ था। भारतीय सिनेमा में अपने लगभग 65 साल लंबे सफर में उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। धर्मेंद्र ने 'शोले', 'चुपके चुपके', 'सत्यकाम', 'अनुपमा' और 'सीता और गीता' जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में यादगार अभिनय किया। उनका निधन 24 नवंबर 2025 को मुंबई में हुआ।

## 'कांतारा मिमिक्री' मामले में चामुंडेश्वरी मंदिर पहुंचे अभिनेता रणवीर सिंह



**मैसूरु (कर्नाटक):** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने 'कांतारा' मिमिक्री मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के निर्देश के तहत मंगलवार को चामुंडेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह मंदिर चामुंडी पहाड़ियों की चोटी पर स्थित है। मंदिर के एक पुजारी ने संवाददाताओं को बताया, वह सुबह करीब 7:45 बजे आए। किसी को पता नहीं था कि वह आए हैं...उन्होंने मास्क पहना हुआ था, इसलिए कोई उन्हें पहचान नहीं पाया। जब वह मंदिर के अंदर आए और मास्क हटाया, तब हमें पता चला कि वह अभिनेता हैं। उन्होंने कहा, वह दो अन्य लोगों के साथ आए थे। अर्चन (पुष्प अर्पण) करने के बाद, हमने उन्हें प्रसाद दिया और विदा कर दिया। उन्होंने दस मिनट तक प्रार्थना की और अपनी यात्रा का उद्देश्य नहीं बताया। पिछले महीने उच्च न्यायालय ने फिल्म 'कांतारा' में चित्रित देवता की नकल करने से संबंधित मामले में अभिनेता के खिलाफ कार्यवाही रद्द कर दी थी। अदालत का यह फैसला अभिनेता द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के बाद आया। अदालत ने रणवीर के वकील द्वारा प्रस्तुत संशोधित हलफनामे को भी स्वीकार कर लिया था और उन्हें अपने आचरण के लिए प्रायश्चित करने हेतु चामुंडी देवी के दर्शन करने को कहा था। यह विवाद गोवा में फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में अभिनेता द्वारा फिल्म 'कांतारा' को लेकर की गई कथित टिप्पणियों से संबंधित है। रणवीर पर एक देवता की नकल करने और उसे 'शैतान' कहने का आरोप है। धार्मिक भावनाएं आहत होने का आरोप लगाते हुए एक वकील द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर फिल्म 'धुरंधर' के अभिनेता रणवीर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### लाल किला कार विस्फोट: मुख्य आरोपी ने नकली पहचान से खरीदे थे विस्फोटक बनाने के रसायन

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच में पता चला है कि दिल्ली के लाल किला कार विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी ने विस्फोटक तैयार करने के लिए बाजार में आसानी से उपलब्ध रसायनों की खरीद फर्जी पहचान के जरिए की थी। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, विस्फोटकों से लदी कार चला रहा मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी विस्फोट में मारा गया था। उन्होंने बताया कि उमर ने विभिन्न रसायनों से जुड़ी जानकारी ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यमों से जुटाई थी। साथ ही उसने विस्फोटक सामग्री का प्रारूप तैयार करने के उद्देश्य से फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय में अपने फ्लैट में अस्थायी प्रयोगशाला भी बना रखी थी जहां वह प्रयोग करता था।

## प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के 12 साल पूरे, केंद्रीय मंत्रियों ने उनके नेतृत्व की सराहना की



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर सत्तारूढ़ भाजपा और इसके शीर्ष नेताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए इसे भारत के आत्मविश्वास की वापसी और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का युग बताया। मोदी ने 26 मई, 2014 को शानदार बहुमत के साथ भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था। इसके बाद 2019 में वह और भी बड़े जनादेश के साथ दोबारा चुने गए और वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर उन्होंने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि 26 मई, 2014 को शुरू हुआ युग केवल सरकार का परिवर्तन नहीं है, बल्कि एक ऐतिहासिक क्षण है जो राष्ट्र के पुनः आत्मविश्वास हासिल करने और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। नवीन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र तथा 'अंत्योदय' के सिद्धांत से प्रेरित मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि नीतियां कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन में बदलाव का माध्यम बनें। उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यकाल को 'संकल्प से सिद्धि के 12 गौरवशाली वर्ष' बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 26 मई, 2014 का दिन भारत की सभ्यतागत और विकासात्मक यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जिस दिन श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, उस दिन भारत ने शासन, दृष्टिकोण, नेतृत्व और राष्ट्रीय संकल्प में एक निर्णायक बदलाव देखा।' सिंह ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का नारा मात्र एक नारा बनकर नहीं रह गया, बल्कि यह हर स्तर पर शासन और नीति में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि आज भारत पहले से कहीं अधिक मजबूत, गौरवान्वित और आत्मविश्वासी बनकर खड़ा है।

# गाय को 'राष्ट्रीय पशु' का दर्जा देने के लिए नये कानून की आवश्यकता है: विधि विशेषज्ञ



**नयी दिल्ली:** प्रमुख मुस्लिम संगठनों द्वारा गाय को 'राष्ट्रीय पशु' का दर्जा दिये जाने की मांग के बीच मंगलवार को एक विधि विशेषज्ञ ने कहा कि यदि ऐसा कोई कदम उठाया जाता है, तो इसके लिए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम की तरह एक कानून बनाना होगा। विधि विशेषज्ञ ने बताया कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 'रॉयल बंगाल टाइगर' (बाघ) को इस तरह का दर्जा देता है, जिसके अवैध शिकार या मारने पर सख्त सजा का प्रावधान है। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय जिम्मेदार है। विधि विशेषज्ञ के अनुसार, यदि गाय को देश के 'राष्ट्रीय पशु' का दर्जा दिया जाता है, तो उसके संरक्षण के लिए भी वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की तरह के प्रावधान बनाने होंगे। गाय को देश में पवित्र माना जाता है। कानूनी विशेषज्ञ का क्या कहना है: पूर्व केंद्रीय कानून सचिव पी. के. मल्होत्रा ने चेतावनी दी कि ऐसा कानून बनाने से पहले इसके कारण और प्रभाव पर विचार करना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कानून की कोई व्यावहारिक उपयोगिता नहीं होगी और यह केवल प्रतीकात्मक प्रकृति का होगा। भारतीय विधि सेवा के पूर्व अधिकारी मल्होत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार में काम के बंटवारे को देखते हुए, यदि यह कानून लाया जाता है तो मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्रालय इसके लिए नोडल एजेंसी हो सकता है। पूर्व कानून सचिव ने संविधान के अनुच्छेद 48 का उल्लेख करते हुए कहा कि कई राज्यों ने इसके प्रावधानों के आधार पर स्थानीय कानून बनाकर गोहत्या पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्य फिट फॉर स्लॉटर (वध के लिए उपयुक्त) सिद्धांत के आधार पर गायों के वध की अनुमति देते हैं, जिसके तहत जो गायें बूढ़ी हो जाती हैं या दूध नहीं देतीं, उन्हें वध के लिए उपयुक्त माना जाता है। अनुच्छेद 48 में लिखा है, राज्य आधुनिक और वैज्ञानिक तर्ज पर कृषि और पशुपालन को संगठित करने का प्रयास करेगा और विशेष रूप से गायों और बछड़ों तथा अन्य दुधारू एवं भार ढोने वाले पशुओं की नस्लों के संरक्षण और सुधार के लिए कदम उठाएगा तथा उनके वध पर रोक लगाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों के एक अन्य प्रावधान (अनुच्छेद 44) के आधार पर अब कई राज्य समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से संबंधित अपने-अपने कानून या नियम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**केंद्र सरकार का पक्ष:** हालांकि, केंद्र सरकार की गाय को 'राष्ट्रीय पशु' घोषित करने के लिए कानून बनाने की कोई योजना नहीं है। यह केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने 12 अगस्त 2025 को संसद में बताया था।

**बाघ और मोर का दर्जा:** रॉयल बंगाल टाइगर को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित किया गया है, जहां इसे अनुसूची-1 पशु के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। भारत की संसद की वेबसाइट- डिजिटल संसद के अनुसार, इस कानूनी दर्जे के तहत बाघ को भारत में शिकार और वाणिज्यिक व्यापार के खिलाफ उच्चतम स्तर का वैधानिक संरक्षण प्राप्त है। बाघ को अप्रैल 1972 में राष्ट्रीय वन्य पशु घोषित करने की सिफारिश राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने की थी, जिसके बाद उसने एशियाई शेर की जगह यह दर्जा प्राप्त किया था। इसी प्रकार, मोर भी वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में शामिल है, जिससे इसे भी उच्चतम कानूनी संरक्षण प्राप्त है। मोर को 1963 में भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया था और इसे नुकसान पहुंचाना गंभीर अपराध माना जाता है। अधिनियम की धारा-नौ के तहत मोर का शिकार, उसे पकड़ने या मारने पर पूर्ण प्रतिबंध है।

### बकरीद पर न करें प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी: अरशद मदनी

**नयी दिल्ली:** जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने मुस्लिम समुदाय से सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह करते हुए मंगलवार को उनसे प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं करने को कहा। जमीयत द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मौलाना मदनी ने मुसलमानों से कुर्बानी की तस्वीरें व वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा नहीं करने और साफ-सफाई सुनिश्चित करने की भी अपील की। मदनी ने मुसलमानों को अपने संदेश में कहा कि जिस व्यक्ति के लिए कुर्बानी देना अनिवार्य है, उसे इस फर्ज को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए मुसलमानों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे स्वयं एहतियाती उपाय करें। मदानी ने कहा, (कुर्बानी के) प्रचार से बचें, खासकर सोशल मीडिया पर कुर्बान किए गए जानवरों की तस्वीरें साझा नहीं करें।

### गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध संबंधी जनहित याचिका पर तत्काल सुनवाई से उच्चतम न्यायालय का इनकार

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने बकरीद से पहले गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने वाले कानून के प्रभावी क्रियान्वयन का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका पर तत्काल सुनवाई से मंगलवार को इनकार कर दिया। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, ''आपको यह बात एक दिन पहले याद आई। कोई तत्काल आवश्यकता नहीं है। धन्यवाद।'' अधिवक्ता बरुण कुमार सिन्हा ने तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। सिन्हा ने कहा, 'परसों बकरीद है। यह गोवध निषेध कानून को लागू कराने का अनुरोध करने वाली याचिका है। क्या इसे कल सूचीबद्ध किया जा सकता है।'

## रेल मंत्रालय ने जींद-सोनीपत मार्ग पर 10 कोच वाली हाइड्रोजन ट्रेन को मंजूरी दी




**नयी दिल्ली:** रेल मंत्रालय ने देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली 10 कोच वाली डीएमयू ट्रेन को जींद और सोनीपत के बीच 75 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलाने की मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन डीजल या बिजली आधारित कर्षण के बजाय हाइड्रोजन ईंधन सेल का उपयोग करके विद्युत उत्पादन करेगी। इसकी कुल विद्युत क्षमता 1,200 किलोवाट है और यह 'डिस्ट्रीब्यूटेड पावर रोलिंग स्टॉक' (डीपीआरएस) तकनीक पर काम करेगी, जिसके तहत विद्युत क्षमता किसी एक लोकोमोटिव में केंद्रित होने के बजाय पूरी ट्रेन में वितरित होती है। मंत्रालय की यह मंजूरी 'रिसर्च डिज़ाइन्स एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइज़ेशन' (आरडीएसओ) से तकनीकी स्वीकृति और रेल सुरक्षा आयुक्त (सीसीआरएस) द्वारा सुरक्षा परीक्षण के बाद दी गई। उत्तरी रेलवे के महाप्रबंधक को संबोधित स्वीकृति पत्र में आरडीएसओ द्वारा जारी अंतिम गति प्रमाण पत्र और अन्य रखरखाव मानदंडों के साथ-साथ सीसीआरएस द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है।

# कनाडा के साथ व्यापार समझौते पर वार्ता इस साल के अंत से पहले पूरी होने की उम्मीद: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और कनाडा के अधिकारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार (एफटीए) समझौते पर वार्ता कर रहे हैं और इस साल के अंत से पहले संभवतः अक्टूबर तक यह वार्ता पूरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के व्यवसायों के लिए नवाचार, समुद्री भोजन, शिक्षा, वित्त, बीमा, जैव प्रौद्योगिकी और फार्मास्युटिकल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अपार अवसर मौजूद हैं। गोयल ने टोरंटो में एक व्यापारिक कार्यक्रम में कहा कि भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों ने कनाडा के व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू और मुझे यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि हम साल के



अंत से पहले व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को अंतिम रूप दें। मंत्री 25 मई से तीन-दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर कनाडा में मौजूद है और वह 100 से अधिक कंपनियों के उद्योग जगत के प्रमुखों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने नवंबर के अंत तक, यानी जी20 शिखर सम्मेलन से पहले वार्ता को पूरा करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा, ''शुक्र है कि उन्होंने यह नहीं कहा कि हमें जी20 व्यापार मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले ही काम पूरा कर देना चाहिए, क्योंकि वह अक्टूबर में है, लेकिन संभवतः हम ऐसा कर सकते हैं।'' अमेरिका की अध्यक्षता में इस बार 2026 का जी20 शिखर सम्मेलन 14-15 दिसंबर, 2026 को मियामी में आयोजित होने वाला है। गोयल ने कहा, हमारा उद्देश्य मौजूदा 17 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर वर्ष 2030 तक 50 अरब डॉलर करना भी है। कार्नी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जारी है और यह कनाडाई कामगारों तथा कारोबार के लिए 'पासा पलटने' वाला साबित होगा। उन्होंने ऊर्जा, कृषि-खाद्य, प्रौद्योगिकी और शिक्षा क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं का भी उल्लेख किया। दोनों देश व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत कर रहे हैं। इस संबंध में अब तक दो दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है, जबकि तीसरा दौर 25 से 29 मई तक ओटावा में चल रहा है।

### रुपया 44 पैसे टूटकर 95.70 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से आई तेजी के बीच मंगलवार को रुपया 44 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.70 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 95.33 के ऊपरी एवं 95.76 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 95.70 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 44 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 34 पैसे मजबूत होकर 95.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा पश्चिम एशिया में सैन्य कार्रवाई की आशंका से रुपये में कमजोरी का रुख रह सकता है।''

### प. एशिया शांति समझौते पर अनिश्चितता के बीच सोना 2,800 रुपये टूटा, चांदी मजबूत

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,800 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव के कारण निवेशकों ने डॉलर की ओर अपना रुख कर लिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को, सोने की कीमत 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतें नीचे आ गईं और एक सीमित दायरे में रहीं, क्योंकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने सतर्कता का रुख अपनाया।'' उन्होंने कहा कि कूटनीतिक मोर्चे पर कोई सफलता न मिलने के कारण अधिकांश प्रतिभागी बाजार से किनारा किये रहे। उन्होंने आक्रामक रुख अपनाने से परहेज किया और भू-राजनीतिक मोर्चे पर अधिक स्पष्ट संकेतों का इंतजार किया।

## दूरसंचार ग्राहकों की संख्या अप्रैल में बढ़कर 133.7 करोड़, एयरटेल शीर्ष पर: ट्राई

**नयी दिल्ली :** भारती एयरटेल अप्रैल में शुद्ध रूप से 34.82 लाख नए ग्राहक जोड़कर सभी खंडों में ग्राहक वृद्धि के मामले में शीर्ष पर रही। दूरसंचार नियामक ट्राई के मंगलवार को जारी ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आलोच्य महीने में वायरलाइन खंड में भी कंपनी ने अपने प्रतिद्वंद्वी रिलायंस जियो को पीछे छोड़ते हुए अधिक संख्या में नए ग्राहक जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की मासिक ग्राहक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल में कुल दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 69.5 लाख बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 133.75 करोड़ पर पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या अप्रैल, 2026 में मासिक आधार पर 0.52 प्रतिशत बढ़कर 133.75 करोड़ हो गई जो मार्च, 2026 के अंत में 133.06 करोड़ थी।'' एयरटेल के शुद्ध रूप से कुल नए ग्राहकों की संख्या अप्रैल, 2026 में 34.82 लाख रही। इसमें वायरलेस या मोबाइल खंड के 31.39 लाख और वायरलाइन खंड के 3.43 लाख ग्राहक शामिल हैं। जियो के शुद्ध रूप से कुल नए ग्राहकों की संख्या 30.84 लाख रही, जिसमें 29.42 लाख नए मोबाइल कनेक्शन और 1.42 लाख वायरलाइन कनेक्शन शामिल हैं। मोबाइल और फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस कनेक्शन सहित वायरलेस ग्राहकों की संख्या अप्रैल, 2026 के अंत तक बढ़कर 128.89 करोड़ हो गई, जो पिछले महीने 128.23 करोड़ थी।

## सतीशन ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री से की मुलाकात, केंद्र-राज्य मुद्दों पर की चर्चा

**नयी दिल्ली :** केरल के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और केंद्र-राज्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना पर होने वाले खर्च को राज्य की कुल ऋण सीमा से बाहर रखने का अनुरोध किया। केरल के मुख्यमंत्री के रूप में 18 मई को पदभार संभालने वाले सतीशन ने कहा कि राज्य वित्तीय संकट का सामना कर रहा है और उनकी सरकार राज्य के वित्त के बारे में एक श्वेत पत्र जारी करेगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि उपयोगिता प्रमाण पत्र या अंकेक्षित खाते उपलब्ध नहीं होने जैसी जो भी समस्याएं परियोजनाओं के लिए केंद्रीय वित्त पोषण में बाधा डाल रही है, उसकी जांच की जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए केरल ने 5,580 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और राज्य यह मांग कर रहा है कि इस राशि को राज्य की ऋण लेने की सीमा से छूट दी जाए। यह सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 3.5 प्रतिशत है। इस सीमा में से 0.5 प्रतिशत हिस्सा सशर्त है, जो विद्युत क्षेत्र के लिए उपयोग किए जाने पर निर्भर है।

### संसदीय समिति के चेयरमैन ने नायडू से मुलाकात की, बिहार में हवाई अड्डों के विस्तार का आग्रह

**नयी दिल्ली :** परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति संबंधी संसदीय समिति के चेयरमैन संजय कुमार झा ने मंगलवार को नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की और पटना, दरभंगा तथा गयाजी हवाई अड्डों के रनवे के विस्तार की मांग की। उन्होंने बैठक के दौरान कहा कि पटना, दरभंगा और गयाजी हवाई अड्डों में रनवे के विस्तार, दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में बदलने तथा बिहार में आधुनिक विमानन बुनियादी ढांचे के विकास सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ''सकारात्मक सहमति'' बनी। नागर विमानन मंत्रालय में आयोजित बैठक में मंत्रालय के सचिव, संयुक्त सचिव और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चेयरमैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। झा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''बैठक में पटना हवाई अड्डे पर रनवे को 300 मीटर तक बढ़ाने और इसे अधिक सुरक्षित तथा आधुनिक बनाने के लिए एक सरल 'एप्रोच लाइटिंग सिस्टम' स्थापित करने पर सहमति बनी।

### कोयले की कमी नहीं, 16.8 करोड़ टन का 'बफर' उपलब्ध: कोल इंडिया

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने देश में शुष्क ईंधन की कमी की आशंकाओं को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि गर्मियों की मांग को पूरा करने के लिए उसने 16.8 करोड़ टन का 'बफर' बनाया है। कंपनी ने कहा कि उसके पास घरेलू कोयला आधारित संयंत्रों की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध है, जबकि तापीय ऊर्जा संयंत्रों द्वारा शुष्क ईंधन की दैनिक खपत में भारी वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने बयान में कहा कि 23 मई तक घरेलू कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में उसका कोयला भंडार 4.76 करोड़ टन था, जबकि 24 मई को खदानों में भंडार 11.35 करोड़ था, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है और यह स्तर 19 दिन की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। बयान में कहा गया, ''इसके अतिरिक्त लगभग 30 लाख टन कोयला माल गोदामों और बंदरगाहों जैसे पारगमन केंद्रों पर पड़ा है।'' पिछले वर्ष गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 242.77 गीगावाट थी, जो जून, 2025 में दर्ज की गई थी।

## सेंसेक्स 479 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई :** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 479 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 118 अंक की गिरावट आई।



ईरान के दक्षिणी भाग में अमेरिकी हमले की रिपोर्ट के बाद कच्चे तेल के दाम में आई तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा रुपये में गिरावट के बीच वित्तीय और बैंक शेयरों में बिकवाली से भी बाजार नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.26 अंक यानी 0.63 प्रतिशत टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 579.28 अंक की गिरावट आई और यह 75,909.68 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,913.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''दक्षिणी ईरान में अमेरिकी सैन्य अभियानों की खबरों के बाद अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीद कम हुई है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और रुपये में कुछ समय की तेजी के बाद फिर से गिरावट देखने को मिली।'' सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, ट्रेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, टाइटन और एचडीएफसी बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, इटर्नल, मारुति और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं।

## गडकरी ने दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की


**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब में 4,335 किलोमीटर तथा दिल्ली और हरियाणा में 3,332 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता तथा रखरखाव की मंगलवार को समीक्षा की। मंत्री ने मीडिया और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से सड़कों की स्थिति के संबंध में प्राप्त सूचनाओं के बाद यह समीक्षा की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गडकरी ने समीक्षा के दौरान राजमार्ग परियोजनाओं की जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में तेजी लाने और कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने परियोजना की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी के महत्व पर जोर दिया और एजेंसियों को आधुनिक निर्माण प्रौद्योगिकियों तथा उच्चतम इंजीनियरिंग तरीकों को अपनाने का निर्देश दिया, ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग लंबे समय तक मजबूती से टिकें। गडकरी ने पंजाब, दिल्ली और हरियाणा के प्रमुख राजमार्गों पर सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तथा यात्रा की गुणवत्ता में सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्माण और रखरखाव में उच्च मानकों को प्राथमिकता दें। उन्होंने रखरखाव कार्यों में अधिक जवाबदेही की भी मांग की तथा कमियों की पहचान करने और समय पर उनका समाधान करने के लिए नियमित निरीक्षण पर जोर दिया। मंत्री ने अधिकारियों को सभी राजमार्ग खंडों पर मानसून की तैयारी के लिए अग्रिम उपाय करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने मानसून के दौरान समस्याओं को कम करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी जल निकासी प्रबंधन, ढलान संरक्षण उपायों तथा त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के महत्व पर भी जोर दिया।

### टाटा संस के बोर्ड की बैठक में एयर इंडिया समेत नए कारोबारों के प्रमुखों ने दी कामकाज की जानकारी

**मुंबई :** टाटा संस निदेशक मंडल की बैठक यहां मंगलवार को हुई। दिन भर चली बैठक में टाटा डिजिटल समेत नई इकाइयों के प्रमुखों ने निदेशक मंडल (बोर्ड) को कामकाज के बारे में पूरी जानकारी दी। एयर इंडिया, टाटा डिजिटल और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) ने छह सदस्यीय बोर्ड के सामने अपनी प्रस्तुतियां दीं। ये कारोबार भविष्य के नजरिये से समूह के कुछ सबसे महत्वाकांक्षी निवेश हैं, लेकिन ये सभी घाटे से जूझ रहे हैं। बैठक में टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा भी मौजूद थे। नोएल कथित तौर पर समूह के कुछ व्यवसायों में हो रहे नुकसान पर चिंता जता चुके हैं। हालांकि, बैठक में क्या निर्णय हुआ, इसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी है। सूत्रों के अनुसार, टाटा संस बोर्ड की अगली बैठक 12 जून को होने की संभावना है।



# पाटीदार के तूफान में उड़ा गुजरात, आरसीबी फाइनल में



**धर्मशाला :** कप्तान रजत पाटीदार की विस्फोटक नाबाद 93 रन की पारी और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल के पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस को 92 रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में गुजरात टाइटंस की पूरी टीम 20वें ओवर में 162 रन पर सिमट गई।आरसीबी की शुरुआत आक्रामक रही। विराट कोहली ने 43 रन की तेज पारी खेली जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 30 रन का योगदान दिया। मध्यक्रम में कृणाल पंड्या ने भी 43 रन बनाकर पारी को मजबूती दी। हालांकि मैच का रुख कप्तान रजत पाटीदार की धुआंधार बल्लेबाजी ने बदल दिया। उन्होंने मात्र 33 गेंदों में 93 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें नौ छक्के और पांच चौके शामिल रहे। पाटीदार को दो जीवनदान भी मिले, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। अंतिम छह ओवरों में आरसीबी ने 114 रन जोड़कर आईपीएल प्लेऑफ इतिहास के बड़े स्कोरों में से एक खड़ा किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत बेहद खराब रही। साई सुदर्शन पहले ही ओवर में हिट विकेट होकर आउट हो गए। कप्तान शुभमन गिल मात्र दो रन बना सके, जबकि जोस बटलर ने 29 रन की तेज पारी खेली। शुरुआती झटकों के बाद गुजरात की टीम कभी भी वापसी नहीं कर सकी और पावरप्ले में ही पांच विकेट गिर गए। गुजरात के लिए राहुल तेवतिया ने 68 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई सहयोग नहीं मिला। आरसीबी की ओर से भुवनेश्वर कुमार, कृणाल पंड्या और रसिख सलाम ने दो-दो विकेट लिए, जबकि जैकब डफी ने तीन विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड ने भी अहम सफलता हासिल की। इस जीत के साथ आरसीबी ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है और अब खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है, जबकि गुजरात टाइटंस को अब दूसरे क्वालीफायर में एलिमिनेटर विजेता से भिड़ना होगा।

### भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा

**पर्थ :** भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चार मैचों की मैत्री श्रृंखला के पहले मुकाबले में शुरुआती बढ़त हासिल करने के बावजूद मंगलवार को यहां 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। नवनीत कौर ने मैच के पहले क्वार्टर में भारत की ओर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। भारतीय रक्षा पंक्ति ने पहले हाफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम को बराबरी करने का मौका नहीं दिया और दूसरे क्वार्टर तक बढ़त कायम रखी। मध्यांतर के बाद हालांकि मुकाबले का रुख बदल गया।


## इंटर मियामी ने माना, मेस्सी को हैमस्ट्रिंग की समस्या

**मियामी :** इंटर मियामी ने पुष्टि की है कि स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की बायीं हैमस्ट्रिंग में समस्या है, जो विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना के लिए अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करने से पहले बुरी खबर है। मेस्सी का सोमवार को चिकित्सा परीक्षण किए गए। यह किस तरह के परीक्षण थे इसका खुलासा नहीं किया गया लेकिन यह बताया गया कि उनकी बायीं हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों में कुछ समस्या है। मेस्सी इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए रविवार को मैच के बीच से मैदान छोड़कर चले गए थे। इस तरह की परेशानियों में चोट की गंभीरता के आधार पर वापसी की समय सीमा तय की जाती है और मेस्सी के मामले में अभी यह सुनिश्चित नहीं है कि वह कब तक वापसी करेंगे। इंटर मियामी ने विज्ञप्ति में कहा, ''शारीरिक गतिविधियों में उनकी वापसी की समयसीमा उनकी चिकित्सकीय और कार्यात्मक प्रगति पर निर्भर करेगी।'' मेस्सी की इस चोट के कारण अर्जेंटीना की विश्व कप की योजनाओं को करारा झटका लग सकता है क्योंकि यह स्टार स्ट्राइकर पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह पूरी तरह फिट होने पर ही विश्व कप में खेलेंगे। अर्जेंटीना विश्व कप के ग्रुप जे में है जिसमें उसका सामना 16 जून को कंसास सिटी में अल्जीरिया, 22 जून को अर्लिंग्टन, टेक्सास में ऑस्ट्रिया और 27 जून को अर्लिंग्टन में ही जॉर्डन के खिलाफ होगा।

### भारत के खिलाफ टेस्ट और एकदिवसीय श्रृंखला में अफगानिस्तान की अगुआई करेंगे शाहिदी

**नयी दिल्ली :** बाएं हाथ के बल्लेबाज हशमतुल्लाह शाहिदी को मंगलवार को अफगानिस्तान की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जो छह जून से 20 जून तक भारत के खिलाफ एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। जहां एकदिवसीय टीम में राशिद खान, रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान जैसे शीर्ष खिलाड़ी शामिल हैं तो वहीं टेस्ट टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण है जिसमें रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज और अजमतुल्लाह उमरजई बल्लेबाजी क्रम की जान हैं। विकेटकीपर अफसर जजाई और इकरम अलीखिल को भी टीम में शामिल किया गया है जबकि स्पिन विभाग की जिम्मेदारी शराफुद्दीन अशरफ और कैस अहमद पर होगी। बिलाल सामी, जिया शरीफी और सलीम साफी तेज गेंदबाजी विभाग की अगुवाई करेंगे।

## दमदार सनराइजर्स के खिलाफ रॉयल्स को सूर्यवंशी और आर्चर पर भरोसा



**मुल्लांपुर :** अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बुधवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी की तो उसे 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेज तर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा। सनराइजर्स की टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने दूसरे चरण में लय हासिल कर ली। नियमित कप्तान पैट कमिंस के आने से भी टीम को काफी फायदा हुआ, क्योंकि उसने अपने इन आखिरी सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की। सनराइजर्स ने लीग चरण में राजस्थान रॉयल्स को दो बार हराया था और इस तरह से कमिंस और उनकी टीम को बहुत अधिक दबाव वाले नॉकआउट मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। रॉयल्स के कप्तान रियाग पराग ने खुद स्वीकार किया कि उनकी टीम को लीग चरण के आखिरी दिन तक इंतजार करने से बहुत पहले ही क्वालीफाई कर लेना चाहिए था, लेकिन अब जबकि टीम वहां पहुंच गई है तब वह आगे बढ़ने के लिए बेताब होगी। रॉयल्स के शीर्ष क्रम में सूर्यवंशी (583 रन), यशस्वी जायसवाल (397) और ध्रुव जुरेल (458) ने सर्वाधिक रन बनाए हैं।

## सिंधू सिंगापुर ओपन में जीतीं, सात्विक-चिराग भी आगे बढ़े



**सिंगापुर :** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू मंगलवार को यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को सीधे गेम में हराकर सिंगापुर ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंच गईं। तीस साल की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने 10 लाख डॉलर इनामी इस सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में दुनिया की छठे नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-17, 21-18 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला जापान की रिको गुंजी से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पुरुष युगल जोड़ी भी शुरुआती दौर में चेन झी यी और प्रेस्ली स्मिथ की मलेशिया की दुनिया की 25वें नंबर की जोड़ी को 26-28, 21-15, 21-13 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई। दुनिया की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी अगले दौर में ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की चीनी ताइपे की जोड़ी तथा लियू यांग और हुआंग डि की चीन की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।

## दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट ने कहा, आईसीसी खिताब जीतने के लिए बेताब हैं

**लंदन :** महिला टी20 विश्व कप की तैयारी में लगी दक्षिण अफ्रीका की कप्तान कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने कहा कि लगातार करीबी हार ने उनकी टीम की आईसीसी खिताब जीतने की भूख को और बढ़ा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ हाल ही में श्रृंखला में जीत से उनकी टीम का विश्व कप से पहले काफी आत्मविश्वास बढ़ा है। दक्षिण अफ्रीका 2023 और 2024 में लगातार दो टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा था और उसे इस बार खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। यही नहीं उसकी टीम पिछले साल वनडे विश्व कप में उपविजेता भी रही थी और अब वह फाइनल की बाधा को पार करने के लिए बेताब है। वोल्वार्ट ने आईसीसी के लिए एक कॉलम में लिखा, ''लगातार दो बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचना निश्चित रूप से हमारे लिए बेहद खास रहा लेकिन मुझे लगता है कि इसने हमें एक कदम और आगे बढ़ने के लिए उत्साहित कर दिया है।'' इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका ने अप्रैल में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत को 4-1 से हराया था। वोल्वार्ट ने कहा, ''भारत के खिलाफ श्रृंखला दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से एक के खिलाफ खुद को परखने का अच्छा मौका था। उस श्रृंखला को जीतने से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने टीम की क्षमता और जुझारूपन का पता चलता है। हमारे खिलाड़ियों में शानदार प्रदर्शन किया और उम्मीद है कि विश्व कप में भी यह जारी रहेगा।'' दक्षिण अफ्रीका ने इस साल टी20 प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने भारत को हराने से पहले न्यूजीलैंड को 4-1 और पाकिस्तान को 2-1 से पराजित किया था। वोल्वार्ट ने कहा, ''अब तक हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही है। विश्व कप से पहले हमें न्यूजीलैंड और भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने का मौका मिला। इससे हमें अलग-अलग परिस्थितियों में खुद को परखने का शानदार अवसर मिला।''



वर्ष 11, पूर्णांक 3604 अंक 070 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in